● जयपुर, रविवार, 15 सितंबर 24 ● वर्ष 14 ● अंक 31 ● पृष्ठ : 8 ● मूल्य : 1 रुपये
www.chamaktarajasthan.in| Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com

डाक पंजीयन संख्या: RJ/JPC/D19/2024-25
RNI. No. RAJHIND/2011/40950

दैनिक
राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त
सच के साथ मजबूती से बढ़ाये क़दम

# चमकता राजस्थान

विज्ञापन के लिए : 93145 05000
जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित
अजमेर, सीकर, झुंझनुं, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूंदी, धौलपुर, हिडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, बीकानेर से प्रसारित

**सुविचार**

“सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।”
● स्वामी विवेकानंद

पेज @3 जलझूलनी एकादशी के मेले पर उमड़ा श्रद्धा का सैलाब, सांवलिया जी गूंजा.....
पेज @4 सफल विदेश यात्रा से लौटने पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का हुआ भव्य स्वागत...
पेज @8 जयपुर विकास प्राधिकरण ने छः बीघा भूमि पर तीन नवीन अवैध कॉलोनियों को...

# राइजिंग राजस्थान के लिए इन्वेस्ट समिट की तरह होगा ग्लोबल समिट, 30 सितंबर से 1 अक्टूबर तक नई दिल्ली में होगा रोड शो: भजनलाल शर्मा

## पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए सीएम शर्मा विकसित राजस्थान की दिशा में कर रहे है कार्य: मदन राठौड़

**चमकता राजस्थान**

जयपुर। राजस्थान में उद्योग-धंधों की अपार संभावनाओं के चलते निवेशकों को आमंत्रित करने दक्षिण कोरिया और जापान यात्रा पर गए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के जयपुर लौटने पर आज एयरपोर्ट से लेकर भाजपा प्रदेश कार्यालय तक भव्य स्वागत किया गया। लोक कलाकारों और भाजपा कार्यकर्ताओं ने ढोल नगाडों, बैंड-बाजों के साथ पुष्प वर्षा के बीच भाजपा प्रदेश कार्यालय में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का स्वागत-अभिनंदन किया। भाजपा के कार्यकर्ताओं का अपार प्रेम, स्नेह और भरोसा देखते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सभी को धन्यवाद देते हुए यह विश्वास दिलाया कि भाजपा की सरकार प्रदेश के विकास की दिशा में नए आयाम स्थापित करेगी।





मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि राजस्थान की जनता के आशीर्वाद और कार्यकर्ताओं के भरोसे से मुझे कार्य करने की ताकत मिलती है। इसी का परिणाम है कि महाराष्ट्र के बाद दक्षिण कोरिया और जापान के निवेशकों ने राजस्थान में निवेश करने के लिए पॉजिटिव प्रतिक्रिया दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भरोसे के चलते राजस्थान में निवेश के लिए विदेशी निवेशकों में उत्साह देखने को मिला है। नीमराणा में जापानी कोरिडोर की तरह राजस्थान में दक्षिणी कोरिया कोरिडोर बनाने के प्रस्ताव पर भी चर्चा की गई है। इतना ही नहीं, जापान की एक कंपनी ने तो राजस्थान के 15 हजार युवाओं को जापान में रोजगार तक देने का वादा भी कर दिया। ऐसे में राजस्थान में विदेशी भाषाओं की लर्निंग के लिए एक महाविद्यालय भी खोला जाएंगा। इसके साथ ही 25 आईएएस अधिकारियों को विश्व के 25 बड़े देशों के समन्वय के लिए लगाया जाएगा, जो राजस्थान में निवेश को बढ़ावा देंगे।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राजस्थान की अर्थ व्यवस्था को अगले पांच साल में दोगुना करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। राइजिंग राजस्थान के लिए इन्वेस्ट समिट की तरह ग्लोबल समिट किया जाएगा। इसमें विदेशों में जाकर इन्वेस्ट के लिए निवेशकों को तैयार किया जाएगा। इस दिशा में राजस्थान सरकार 30 सितंबर और 1 अक्टूबर को नई दिल्ली में भी राईजिंग राजस्थान रोड शो का आयोजन करेगी।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राजस्थान में निवेश की अपार संभावनाएं है। फिर चाहे वो ऊर्जा का क्षेत्र हो, खनिज का क्षेत्र हो या फिर टैक्सटाइल का क्षेत्र हो। सभी क्षेत्रों में अपार संभावनाओं के साथ राजस्थान की डबल इंजन सरकार पर देश-विदेश के निवेशकों ने विश्वास जताया है। ऐसे में भाजपा की सरकार ने उन्हें सुरक्षा के साथ समुचित संसाधन उपलब्ध करवाने के लिए भी आश्वस्त किया है। भाजपा जो कहती है, उसे पूरा करने पर यकीन करती है। कार्य करने की इच्छा शक्ति हो तो ईश्वर भी आप की मदद करने को तैयार हो जाता है। भाजपा की सरकार बनने के साथ ही ऊर्जा और पानी के क्षेत्र में कार्य करने की योजनाएं बनाई गई। इस दिशा में जहां 32 हजार मेगावाट ऊर्जा के एमओयू साइन किए गए वहीं पानी के लिए ईआरसीपी और यमुना जल समझौता जैसे वर्षों से लंबित कार्य को पूरा करने की दिशा में कार्य किया गया।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि प्रदेश के प्रत्यनशील और विकास के लिए लालायित मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने महाराष्ट्र में इन्वेस्ट समिट के बाद ''कम इन इंडिया, मैक इन इंडिया'' के सपने का साकार करने के उद्देश्य से दक्षिण कोरिया और जापान में जाकर निवेशकों को आमंत्रित किया है। जबकि राजस्थान की पूर्ववर्ती सरकार ने निवेशकों को आमंत्रित तो किया लेकिन निवेशकों ने उन पर भरोसा तक नहीं जताया। पूर्ववर्ती सरकार के राज में प्रदेश की सरकार अस्थिर थी, गहलोत सरकार कुर्सी बचाने के लिए होटलों में बैठी रही। लेकिन अब हिन्दुस्तान और राजस्थान में डबल इंजन सरकार कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा विकसित राजस्थान की दिशा में कार्य कर रहे है। प्रदेश के ऐसे मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार और धन्यवाद।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने विदेशी निवेशकों को सुरक्षा के साथ सुविधाएं, संसाधन उपलब्ध करवाने के लिए आश्वस्त किया है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सहित भाजपा सरकार प्रदेश के नागरिकों के जीवन स्तर को सुधारने के लिए प्रयासरत है। ऐसे में हम सभी को मिलकर मुख्यमंत्री के इस प्रयास को पूरा करने के लिए कार्य करना चाहिए।

उप मुख्यमंत्री डॉ प्रेमचंद बैरवा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के सपने को पूरा करने के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा दिन रात प्रयासरत है। राजस्थान को विकसित राज्य बनाने के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सरकार बनने के साथ ही इस दिशा में कार्य शुरू कर दिया था। सीएम शर्मा ने विदेशी निवेशकों के साथ कई दौर की बैठके की और उत्साहित निवेशकों को राधे-राधे के रंग में रंग दिया।

कार्यक्रम में मंच पर भाजपा राजस्थान के प्रभारी डॉ राधा मोहन दास अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष अशोक परनामी, सीपी जोशी, भाजपा महामंत्री एवं सांसद दामोदर अग्रवाल, भाजपा महामंत्री जितेंद्र गोठवाल उपस्थित थे। कार्यक्रम में भाजपा उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच, सीआर चौधरी, चुन्नीलाल गरासिया, सरदार अजयपाल सिंह, मोतीलाल मीणा, भाजपा महामंत्री श्रवण सिंह बगडी, संतोष अहलावत, ओम प्रकाश भडाणा, प्रदेश मंत्री विजेंद्र पूनियां, भूपेंद्र सैनी, स्टेफी चौहान, अजीत मॉडन, मीडिया संयोजक प्रमोद वशिष्ठ, कार्यालय प्रभारी मुकेश पारीक सहित प्रदेश पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का पुष्पमाला पहनाकर अभिनंदन किया। भाजपा प्रदेश कार्यालय में सांसद, विधायकों के साथ मंत्री मंडल के मंत्रीगण, भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

इससे पूर्व एयरपोर्ट पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ के नेतृत्व में मंत्री मंडल के सदस्य, सासंद, विधायक, भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का स्वागत किया। युवा मोर्चा, महिला मोर्चा, एससी-एसटी मोर्चा के साथ सभी मोर्चा, प्रकोष्ठ और विभागों के संयोजक एवं सह संयोजकों ने मुख्यमंत्री का स्वागत अभिनंदन किया !

---

**न्यूज़ अपडेट**

## हिंदी दिवस पर अमित शाह का बड़ा संदेश, कहा-हिंदी का नहीं है कोई मुकाबला



**नईदिल्ली/एजेंसी।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को हिंदी दिवस पर देशवासियों को शुभकामनाएं दीं।उन्होंने अपने संदेश में कहा कि हिन्दी सभी भारतीय भाषाओं की मित्र है और एक दूसरे की पूरक हैं।उन्होंने कहा, मैं निश्चितता के साथ कह सकता हूं कि हिंदी और किसी भी भाषा के बीच कोई प्रतिस्पर्धा नहीं है। हिंदी सबकी मित्र है। चाहे वह गुजराती हो, मराठी हो या तेलुगु, हर भाषा हिंदी को ताकत देती है और हिंदी उन्हें ताकत देती है। गृह मंत्री शाह ने यह भी बताया कि हिंदी आंदोलन की प्रमुख हस्तियां जैसे राजगोपालाचारी, महात्मा गांधी और अन्य गैर-हिंदी भाषी क्षेत्रों से थे।उन्होंने हिंदी और स्थानीय भाषाओं को मजबूत करने के लिए पिछले एक दशक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों की भी सराहना की।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने कई अंतरराष्ट्रीय मंचों पर हिंदी में संबोधन देकर न केवल भारत में बल्कि पूरे विश्व में इसके महत्व को उजागर किया है। गृह मंत्री शाह ने कहा, इन 10 वर्षों में हमने कई भारतीय भाषाओं को मजबूत करने के लिए काफी प्रयास किए हैं।उन्होंने बताया कि राजभाषा विभाग द्वारा 8वीं अनुसूची में सूचीबद्ध सभी भाषाओं से हिंदी में अनुवाद के लिए नया पोर्टल बनाया जा रहा है। यह पोर्टल आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के इस्तेमाल से किसी भी पत्र या भाषण का सभी भाषाओं में अनुवाद करेगा।

---

### जम्मू-कश्मीर के डोडा में बरसे पीएम मोदी, कहा

# जम्मू-कश्मीर में आखिरी सांस ले रहा आतंकवाद

**डोडा/एजेंसी।**

प्रधानमंत्री जम्मू-कश्मीर के दौरे पर हैं. विधानसभा चुनाव के लिए पहली चुनावी रैली करने डोडा पहुंचे पीएम मोदी ने जनसभा को संबोधित किया. इस दौरान उन्होंने कांग्रेस, नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी पर निशाना साधा. डोडा में जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में इस बार का विधानसभा चुनाव तीन खानदानों और जम्मू-कश्मीर के युवाओं के बीच हैं. एक- कांग्रेस, दूसरा- नेशनल कॉन्फ्रेंस और तीसरा- पीडीपी. उन्होंने कहा कि इन खानदानों ने प्रदेश के युवाओं के साथ जो-जो किया है. वह किसी पाप से कम नहीं है.



पीएम मोदी ने रैली में आतंकवाद पर भी निशाना साधा. उन्होंने कहा कि आप याद करिए कि जब दिन ढलते ही यहां अघोषित कर्फ्यू लग जाता था. हालत ऐसी थी कि कांग्रेस सरकार के गृहमंत्री लाल चौक आने से भी डरते थे. आतंकवाद अब यहां अंतिम सांसे ले रहा है. पिछले 10 साल में प्रदेश में जो भी बदला है, वह किसी सपने से कम नहीं है. जिन पत्थरों से पहले फौजियों को मारा जाता था. उन्हीं पत्थरों से जम्मू-कश्मीर नया इतिहास गढ़ रहा है. उन्हीं पत्थरों से नया जम्मू-कश्मीर बन रहा है.

पीएम मोदी ने जनसभा में कश्मीरी हिंदुओं का भी जिक्र किया. उन्होंने कहा कि आपके इसी विश्वास को देखते हुए जम्मू-कश्मीर भाजपा ने आपके लिए शानदार संकल्प लिए हैं. हमने टीका लाल टपलू को याद किया, हमने आज ही उन्हें श्रद्धांजलि दी. इसी दिन उन्हें आतंकियों ने शहीद किया था. उनकी हत्या के बाद से कश्मीरी पंडितों पर जो अत्याचार हुआ, वह हम सबने देखा. भाजपा ही ऐसी पार्टी है, जिसने कश्मीरी पंडितों के हक में आवाज उठाई. हमने उनके हित में काम किया. भाजपा ने ही कश्मीरी हिंदुओं की वापसी के लिए टीका लाल टपलू योजना बनाने की घोषणा की. इससे कश्मीरी हिंदुओं को जल्द हक दिलाया जाएगा. जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि भाजपा ऐसा जम्मू-कश्मीर बनाना चाहती है, जो टेरर फ्री हो. जो टूरिस्टों के लिए यह स्वर्ग हो. जम्मू-कश्मीर में रहने वाला व्यक्ति फिर चाहे वह किसी भी मजहब का हो हम उसके हर अधिकारों की रक्षा करेंगे. यह मोदी की गारंटी है. उन्होंने कहा कि भाजपा ही जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा दिला सकती है. आपको स्वार्थी लोगों से सावधान रहने की जरुरत है.

पीएम मोदी ने विपक्ष पर जबरदस्त निशाना साधा. उन्होंने कहा कि आजकल यह लोग संविधान को जेब में रखते हैं. पूरा दिखावा वह सिर्फ अपने काले कामों को छिपाने के लिए करते हैं. उनकी हकीकत तो देश का बच्चा-बच्चा जानता है. इन्होंने बाबा साहब की आत्म नोंच डाली. क्यों जम्मू-कश्मीर में दो संविधान थे. क्यों यहां के लोगों को वह अधिकार नहीं मिले, जो बाकी देश के लोगों को मिलता है. जम्मू-कश्मीर में पार्टी एससी-एसटी और ओबीसी का नाम तक नहीं लेती थी.

---

**अजित डोभाल का कमाल**

## लद्दाख की गलवान वैली सहित चार इलाकों से पीछे हटी चीनी सेना

**नईदिल्ली/एजेंसी।** चीनी सेना ने लद्दाख के गलवान से अपने पैर पीछे कर लिए हैं. चीनी सेना गलवान सहित चार क्षेत्रों से पीछे हट गई है. चीन के विदेश मंत्रालय ने इसकी जानकारी दी. बता दें, शुक्रवार को भारत के एनएसए अजित डोभाल ने चीनी विदेश मंत्री से रूस मुलाकात की थी, जिसके बाद चीनी सेना पीछे हट गई.

चीनी विदेश मंत्रालय ने बताया कि रूस में हुई बैठक के दौरान दोनों देश द्विपक्षीय संबंधों में सुधार के लिए मिलकर काम करने के लिए सहमत हुए हैं. चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माओ निंग ने कहा कि दोनों सेनाएं चार क्षेत्रों से पीछे हटी हैं. सीमा पर स्थिति नियंत्रण में है. चीनी विदेश मंत्रालय ने बताया कि चीन-भारत संबंधों में स्थिरता रहे, यह दोनों देशों के मौलिक और दीर्घकालिक हित में है। क्षेत्रीय शांति और विकास के लिए यह जरूरी है. उन्होंने आगे कहा कि रूस में हुई बैठक के दौरान समझ और विश्वास को बढ़ाने, संचार बढ़ाने और द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देने के सहमति बनी है.



---

## जम्मू-कश्मीर में सेना को बड़ी सफलता, अलग-अलग मुठभेड़ में मार गिराए 5 आतंकवादी

**श्रीनगर/एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर में होने वाले विधानसभा चुनावों को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की शनिवार को डोडा में होने वाली चुनावी रैली से पहले सुरक्षा बलों के हाथ बड़ी सफलता लगी है।भारतीय सेना के जवानों ने 2 अलग-अलग मुठभेड़ों में 5 आतंकवादियों को मार गिराया है। पहली मुठभेड़ बारामूला जिले के चक टापर क्रेरी इलाके में हुई, जिसमें 3 आतंकवादी मारे गए।सेना ने खूफिया जानकारी के बाद जम्मू-कश्मीर पुलिस के साथ संयुक्त अभियान में यह सफलता हासिल की है। एक अलग घटना में शुक्रवार को कठुआ में सेना की राइजिंग स्टार कोर इकाई के जवानों ने दो आतंकवादियों को मार गिराया।एक आधिकारिक बयान के अनुसार, इस अभियान के परिणामस्वरूप बड़ी संख्या में हथियार और गोला-बारूद भी बरामद किया गया है।

# बुढ़ापे का स्वास्थ्य सुरक्षा कवच बनाने की सराहनीय पहल

केंद्र सरकार ने अब सत्तर साल से ऊपर के सभी वरिष्ठ नागरिकों को 'आयुष्मान भारत' योजना में शामिल करने का निर्णय लिया है, जो सुखद एवं स्वागतयोग्य कदम है। अपने देश के करीब साढ़े चार करोड़ परिवार के छह करोड़ बुजुर्ग इस योजना के अंतर्गत मुफ्त इलाज करा सकेंगे। दरअसल वर्ष 2018 में शुरू हुई आयुष्मान भारत योजना में अब तक केवल गरीब परिवार ही शामिल हो सकते थे, जिन्हें पांच लाख का कैशलेस कवर दिया जाता था। अब इस सार्वभौमिक स्वास्थ्य योजना का लाभ सभी बुजुर्गों को दिया जाएगा। इस योजना से हम एक ऐसी दुनिया बना सकेंगे जहाँ हर बुजुर्ग अपने बुढ़ापे को गरिमा, आत्मसम्मान, सुरक्षा और स्वस्थता के साथ जी सकेंगे। इसके लिये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनकी जनकल्याणकारी सरकार को साधुवाद दिया जाना चाहिए। पारिवारिक एवं सामाजिक घोर उपेक्षा एवं उदासीनता के कारण बुढ़ापा आज अपने आप में एक रोग की बनता गया है। जब आय के स्रोत सिमट जाते हैं और बच्चों से पर्याप्त मदद नहीं मिलती तो शरीर में रोग दस्तक देने लगते हैं, फिर महंगे इलाज की चिंता और बढ़ जाती है।

संयुक्त परिवारों के विघटन और एकल परिवारों के बढ़ते चलन ने इस स्थिति को नियंत्रण से बाहर कर दिया है। उम्मीद की जानी चाहिए कि सरकार की नयी पहल का बेहतर तरीके से क्रियान्वयन हुआ तो यह फैसला इस आयुवर्ग के बुजुर्गों की सेहत को लेकर सुरक्षा कवच का काम करेगा। यह जरूरत इसलिए भी महसूस की जा रही थी क्योंकि आने वाले बीस वर्ष में भारत की बुजुर्ग आबादी तीन गुना होने की संभावना है। नये भारत-विकसित भारत की उन्नत एवं आदर्श संरचना बिना वृद्धों की सम्मानजनक स्थिति के संभव नहीं है। यदि परिवार के वृद्ध कष्टपूर्ण जीवन व्यतीत कर रहे हैं, रुग्णावस्था में बिस्तर पर पड़े कराह रहे हैं, भरण-पोषण एवं उचित स्वास्थ्य-सेवाओं को तरस रहे हैं तो यह हमारे लिए वास्तव में लज्जा एवं शर्म का विषय है। वर्तमान युग की बड़ी विडम्बना एवं विसंगति है कि वृद्ध अपने ही घर की दहलीज पर सहमा-सहमा खड़ा है, वृद्धों की उपेक्षा स्वस्थ एवं सुसंस्कृत परिवार परम्परा पर तो काला दाग है ही, शासन-व्यवस्थाओं के लिये भी लज्जाजनक है। हम सुविधावादी एकांगी एवं संकीर्ण सोच की तंग गलियों में भटक रहे हैं तभी वृद्धों की आंखों में भविष्य को लेकर भय है, असुरक्षा और दहशत है, दिल में अन्तहीन दर्द है।

इन त्रासद एवं डरावनी स्थितियों से वृद्धों को मुक्ति दिलाने एवं उनके स्वास्थ्य विषयक खर्चों एवं चिन्ताओं को दूर करने के लिये केंद्र सरकार ने आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों को वित्तीय लाभ देने का फैसला लिया है, वह सराहनीय एवं प्रासंगिक निर्णय है। इस फैसले की जरूरत इसलिए थी क्योंकि सामाजिक सुरक्षा के मामले में भारत बहुत पीछे है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वे 2019-21 की रिपोर्ट से पता चलता है कि देश में ऐसे परिवारों की संख्या केवल 41 प्रतिशत है, जिनके कम से कम एक सदस्य का स्वास्थ्य बीमा हो। बिहार, महाराष्ट्र जैसे बड़ी आबादी वाले राज्यों में तो यह राष्ट्रीय औसत के करीब आधे के बराबर है। स्वास्थ्य बीमा को लेकर यह उदासीन रवैया हमारी उस आदत के वजह से है, जिसमें ज्यादातर लोग यह सोचते हैं कि जब बीमारी आएगी तो देखा जाएगा। बहुत से लोग जीवन बीमा और स्वास्थ्य बीमा को एक ही चीज समझ लेते हैं। लेकिन, जब बीमारी सिर पर आती है, तो पूरे घर के बजट को तहस-नहस एवं असंतुलित कर देती है।

सरकार का मौजूदा कदम कई परिवारों को ऐसे आर्थिक दुष्चक्र में फंसने से बचा सकता है। भारत में इलाज दिनों-दिन महंगा होता जा रहा है। जब आय के स्रोत सिमट जाते हैं और बच्चों से पर्याप्त मदद नहीं मिलती तो शरीर में रोग दस्तक देने लगते हैं, फिर महंगे इलाज की चिंता और बढ़ जाती है। अकसर भारत में कर्मचारी व आम लोग सोचते हैं कि वे जीवन भर आयकर चुकाते हैं, लेकिन बुढ़ापे में सरकार की ओर से सामाजिक सुरक्षा ना के बराबर होती है। लेकिन अब मोदी सरकार ने लोकतंत्र के सामाजिक कल्याणकारी स्वरूप को तरजीह दी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं उनकी सरकार अनेक स्वस्थ एवं आदर्श समाज-निर्माण की योजनाओं को आकार देने में जुटी है, उसने वृद्धों को लेकर भी चिंतन करते हुए वृद्ध-कल्याण योजनाओं को लागू किया है। इन योजनाओं को लागू करने की जरूरत इसलिये सामने आयी है कि वृद्धों को आत्म-गौरव के रूप में स्वीकार करने की अपेक्षा, बंधन माना जाने लगा है। वृद्धों को लेकर जो गंभीर समस्याएं आज पैदा हुई हैं, वह अचानक ही नहीं हुई, बल्कि उपभोक्तावादी संस्कृति तथा महानगरीय अधुनातन बोध के तहत बदलते पारिवारिक-सामाजिक मूल्यों, नई पीढ़ी की सोच में परिवर्तन आने, महंगाई के बढ़ने और व्यक्ति के अपने बच्चों और पत्नी तक सीमित हो जाने की प्रवृत्ति के कारण बड़े-बूढ़ों के लिए अनेक समस्याएं आ खड़ी हुई हैं।

अब जब स्वास्थ्य बीमा का दायरा बढ़ाया गया है तो यह उम्मीद की जानी चाहिए कि खर्च को लेकर परिजनों का डर कम होगा। इस योजना का पूरा खाका सामने आना बाकी है। लेकिन यह सुनिश्चित तो करना ही होगा कि बीमा सुरक्षा कवच होने के बावजूद बुजुर्ग मुफ्त उपचार से वंचित न रह जाएं। खास तौर से सरकारी स्वास्थ्य बीमा योजनाओं को लेकर निजी अस्पतालों के रवैये को देखते हुए यह चिंता ज्यादा जरूरी हो जाती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के आंकड़ों के अनुसार भारत में औसत आयु 67.3 साल है। पिछले दो दशकों में ही औसत आयु में पांच बरस से अधिक का इजाफा हो चुका है। निश्चित ही यह अच्छी खबर है, लेकिन इसके साथ यह चिंता भी जुड़ी हुई है कि देश में दिल से जुड़े रोगों और डायबिटीज के मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। अन्य रोग भी तेजी से बढ़ रहे हैं।

अनुमान लगाया गया है कि भारत में 60 वर्ष से ज्यादा उम्र की जो आबादी वर्ष 2011 में 8.6 प्रतिशत थी, वह बढ़कर 2050 तक 19.5 फीसदी हो जाएगी। यह भी अनुमान है कि 2030 तक भारत में स्वास्थ्य देखभाल का 45 प्रतिशत खर्च बुजुर्ग मरीजों पर होगा। ऐसे में बुजुर्गों के सामने अनेक अन्य समस्याओं के साथ नई एवं असाध्य बीमारियां और उनका महंगा इलाज बड़ी समस्या है। ऐसी स्थितियों में अब इस योजना का लाभ सभी बुजुर्गों को दिया जाएगा। बहुत संभव है कि इस समय जब कुछ राज्यों में चुनाव की प्रक्रिया चल रही है तो इस घोषणा के राजनीतिक निहितार्थों पर चर्चा हो सकती है। लेकिन भाजपा ने 2024 में लोकसभा चुनाव के लिये जारी घोषणापत्र में किये वायदे को ही आकार दिया है।

# जम्मू-कश्मीर विस चुनाव: विमर्श के विषय



प्रवीण गुगनानी

उस जमाने की बात याद है, जब प्रत्येक राष्ट्रीय कानून, प्रस्ताव, प्रावधान आदि पर लिखा जाता था -Except Jammu and Kashmir (जम्मू और कश्मीर को छोड़कर) लेकिन अब देश में वैसा नहीं होता। जम्मू कश्मीर अब शेष भारत के नवनिर्माण में सहयोग दे रहा है। आज का कश्मीर नये भारत का नया कश्मीर है।जिस कश्मीर में दशकों तक ऐसा आतंकी वातावरण रहा कि वहाँ भारतीय भी जाने की कल्पना नहीं करते थे, उस कश्मीर में मोदी सरकार ने जी-20 का सम्मेलन करवा दिया, यही नया कश्मीर है। अनुच्छेद 370 को इस प्रदेश की नियति मानने और बताने वाले लोग वस्तुतः बदनियत लोग थे, वे अब मुख्यधारा से बाहर हैं। कांग्रेस ने भी फ़ारूख़ अब्दुल्ला और उसके अन्य प्रिय कश्मीरी अलगाववादियों, उग्रवादियों व आतंकवादियों के साथ चलते हुए अनुच्छेद 370 हटाने का विरोध किया था। अनुच्छेद 370 के उन्मूलन के बाद बना था- गुपकार गठबंधन। गुपकार गठबंधन चाहता है कि अनुच्छेद 370 कश्मीर में पुनर्स्थापित हो। अनुच्छेद 370 के संदर्भ में आज कांग्रेस की स्थिति साँप-छछून्दर जैसी है। कश्मीर में वह अलगाववादियों, उग्रवादियों, आतंकियों, देश विरोधियों के साथ खड़े होकर 370 की पक्षधर दिखती है। यही कांग्रेस शेष भारत में अपनी इस केंचुली को उतार कर अनुच्छेद 370 के विषय में दोहरे चरित्र की बात करती है। जब समूचा भारत अनुच्छेद 370 के उन्मूलन को लेकर प्रसन्न हो रहा था तब कांग्रेस देश की इस प्रसन्नता से अलग मुँह फुलाए बैठी थी। कांग्रेसी अभिषेक सिंघवी ने तब कहा था "प्रथम दृष्टया, हम 370 को निरस्त करने के तरीकों पर निर्णय से असहमत हैं।" 6 अगस्त, 2019 को कांग्रेस की राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक में अनुच्छेद 370 को निरस्त करने लेकर मोदी सरकार पर हमला किया था। इस बैठक में उसने 370 का सम्मान करते रहने का प्रस्ताव पारित किया था। ऐसा विरोध भला 'देश विरोध' नहीं तो और क्या था?

शेष राष्ट्र के सामने कांग्रेस अपने दोहरे चरित्र पर बड़ी बेशर्मी से स्वयं को 'गुपकार गैंग' से अलग बताती है। यही कांग्रेस अनुच्छेद 370 हटने के ठीक एक दिन पूर्व फ़ारूक़ अब्दुल्ला के निवास पर पीडीपी सहित कई अन्य के साथअनुच्छेद 370 के पक्ष में संयुक्त व्यक्तव्य जारी कर रही थी। यही कांग्रेस, अनुच्छेद 370 के हटने के एक वर्ष बाद भी कश्मीर में पुनः गुपकार रोड पर इनके साथ खड़ी दिखाई देती है। कांग्रेस, अब्दुल्ला और पीडीपी वाले इस अलगाववादी गठबंधन ने एक वर्ष बाद भी यह कहा था कि- ''अनुच्छेद 370 और 35 को




पुनर्स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।'' कश्मीर के इस विधानसभा चुनाव में कश्मीर की जनता को कांग्रेस से यह पूछना चाहिए कि कश्मीर छोड़ कर शेष राष्ट्र में वह अनुच्छेद 370 को हटाने के पक्ष में क्यों खड़ी दिखती है? ये दोहरा चरित्र क्यों है? शेष राष्ट्र में वह अब्दुल्ला व मुफ़्ती परिवार से दूरी का प्रदर्शन करती है और अब विस चुनाव भी उनके साथ ही लड़ती है। कश्मीर की जनता को इन दोहरे और डुप्लीकेट चरित्र वाले लोगों का बहिष्कार करना चाहिये। गुपकार गठबंधन स्पष्ट तौर पर विदेशी शक्तियों का एक बॉम्ब टॉय Bomb Toy है और कांग्रेस, अब्दुल्ला, पीडीपी इसके साथ खड़े हुए हैं।

डॉ. पंडित श्यामप्रसाद मुखर्जी के ''एक देश, एक विधान, एक प्रधान'' के संकल्प को शिरोधार्य किए हुए भाजपा ने अपनी संकल्प शक्ति से भारत के मुकुटमणि को 370 व 35 ए के दंश से मुक्ति दिलाई है। कश्मीर का विकास अब शेष देश के समान आगे बढ़ता हुआ दिखता है। वर्ष 2020-21 में 15वें वित्त आयोग की अनुशंसा के अनुसार, जम्मू और कश्मीर प्रदेश एवं लद्दाख हेतु क्रमशः 30757 करोड़ रु. और 5959 करोड़ रु. का अनुदान दिया गया है।

भाजपा की केंद्र सरकार ने कश्मीर में लोकतंत्र को पुनर्जीवित किया है। वर्ष 2018 में भाजपा की संकल्प शक्ति से कश्मीर में पंचायत चुनाव हुए, जिसमें 74.1 प्रतिशत मतदान हुआ, वर्ष 2019 में ब्लॉक डवलपमेंट काउंसिल चुनाव में 98.3 प्रतिशत मतदान हुआ। इसके बाद जिला स्तर के चुनाव में भी यही गाथा दोहराई गई। आज कश्मीर में आयुष्मान योजना में 4.4 लाख लाभार्थियों की सूची बन गई है। प्रधानमंत्री किसान योजना व प्रधानमंत्री आवास योजना के मामले में कश्मीर ने देश के शेष राज्यों की अपेक्षा अधिक सफलता अर्जित की है। कश्मीर के मूल निवासियों के अधिकारों को सुरक्षित किया गया है। नई मूल निवासी परिभाषा के अनुसार 15 वर्ष या अधिक समय तक जम्मू-कश्मीर में रहने वाले व्यक्ति भी अब अधिवासी माने जाएंगे इससे कश्मीर की जनता सुरक्षित हुई है। कश्मीरी पंडितों की वापसी के लिए छह हजार आवासों का निर्माण हो गया है। जम्मू-कश्मीर से बाहर विवाह करने वाली लड़कियों और उनके बच्चों के अधिकारों का संरक्षण भी सुनिश्चित किया गया है। कश्मीर में पहली बार दस हज़ार रिक्त नौकरियों को सूचीबद्ध करके इन पर नियुक्तियों का कार्य प्रारंभ किया गया है।

इसके दूसरे चरण में लगभग साढ़े बारह हज़ार नौकरियों के लिए भर्ती अभियान चलाया गया है। मोदी सरकार ने कश्मीर में हिमायत योजना से लगभग नब्बे हज़ार युवाओं को प्रशिक्षण दिया है। भाजपा की केंद्र सरकार ने पचास नये महाविद्यालय प्रारंभ किए हैं, जिसमें लगभग सात हज़ार कश्मीरी छात्र नये कश्मीर का भाग्य लिख रहे हैं। सात मेडिकल कॉलेज व पांच नर्सिंग कॉलेज प्रारंभ किए गए हैं। आईआईटी जम्मू को अपना कैंपस और एम्स की भेंट मिली है। अटल टनल प्रारंभ होने के साथ चिनाब पर विश्व का सबसे ऊंचा 467 मीटर का पुल अब कश्मीर को वैश्विक नक़्शे पर आतंकग्रस्त नहीं अपितु एक विकसित प्रदेश के रूप में दिखाता है। कश्मीर में आज ऐसी कई नई योजनाएँ प्रारंभ हो रही हैं।

एक समय था जब कश्मीर के जंगल उजाड़ कर देशभर में बनने वाली पेंसिल की लकड़ी पुलवामा से जाती थी। आज मोदी सरकार की कल्पनाशीलता से पुलवामा का उक्खूँ गाँव देशभर की पेंसिल खपत की नब्बे प्रतिशत पेंसिल और बड़ी मात्रा में क्रिकेट बैट सप्लाई करके अपने उत्पाद का उच्चतम मूल्य प्राप्त कर रहा है। सबसे बड़ी बात कि इसके लिए वह अपने अमूल्य देवदार के वृक्षों को नहीं काट कर पर्यावरण सुरक्षा भी कर रहा है। पहले कश्मीर से पेंसिल की लकड़ी जाती थी, अब वैल्यू एडिशन के साथ पेंसिल जाती है और स्थानीय बहुमूल्य लकड़ी भी नहीं काटी जा रही है। कश्मीर में दस वर्षो बाद होने जा रहे विस चुनाव में भाजपा का स्पष्ट कहना है कि वह कश्मीर को रोहिंग्या और बांग्लादेशी घुसपैठियों से मुक्ति दिलायेगी और कश्मीर की कश्मीरियत स्थापित रखेगी। जम्मू व श्रीनगर में मेट्रो रेल प्रारंभ होगी। किसानों का बिजली बिल आधा ही लिया जाएगा। सौ हिंदू मंदिरों का पुनर्निर्माण करके कश्मीरी संस्कृति को सुरक्षित किया जाएगा। भाजपा प्रत्येक कश्मीरी महिला को 18 हजार रुपये प्रतिवर्ष व प्रति वर्ष दो गैस सिलेंडर भी निःशुल्क देगी। वृद्धावस्था, विधवा और विकलांगता पेंशन को एक से तीन हजार रुपये कर दिया जाएगा।

कश्मीर में 05 अगस्त 2019 के पश्चात जो नया अध्याय प्रारंभ हुआ था उसने लगभग तीन वर्षों का कोरोना कालखंड का दंश भी झेला है। कोरोना के बाद भी कश्मीरी पर्यटन आज सफलता के नये आयाम छू रहा है तो इसके पीछे दिल्ली और श्रीनगर में स्थापित नये शक्ति-सूत्र ही कार्य कर रहे हैं। उम्मीद है कि इस विधानसभा चुनाव में कश्मीर की जनता दिल्ली को और अधिक मजबूती से पकड़ेगी और नये युग का आरंभ करेगी।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# आरबीआई और बैंकिंग क्षेत्र के बारे में गलत विमर्श का जवाब



पंकज जगन्नाथ जयस्वाल

साल 2013 में नरेन्द्र मोदी के देश की सत्ता संभालने से एक साल पहले मॉर्गन स्टेनली ने भारत को उभरती हुई पाँच कमजोर अर्थव्यवस्था में से एक के रूप में नामित किया था। इसे अपनी अर्थव्यवस्था चलाने के लिए विदेशी पूंजी पर निर्भरता और कई मामलों में महत्वपूर्ण चालू खाता घाटे के कारण नाजुक पाँच अर्थव्यवस्था के रूप में घोषित किया। 1997 में आरबीआई के पूंजी ढांचे पर गौर करने की आवश्यकता थी ताकि यह निर्धारित किया जा सके कि आरबीआई को अपनी परिसंपत्तियों के प्रतिशत के रूप में कितना आरक्षित रखना चाहिए। वी सुब्रह्मण्यम के नेतृत्व में एक समिति का गठन किया गया। समिति ने अपनी परिसंपत्तियों का 12 फीसदी प्रस्तावित करते हुए एक रिपोर्ट प्रस्तुत की। आरबीआई ने निष्कर्षों को स्वीकार नहीं किया। 2004 में उषा थोरातजी के नेतृत्व में एक और समूह ने आरबीआई के पूंजी ढांचे की समीक्षा के लिए बैठक की। समूह ने लगभग 18 प्रतिशत की सिफारिश की, जिसे आरबीआई ने स्वीकार नहीं किया। 2013 में वाई.एच. मालेगाम समिति ने सिफारिश की कि अतिरिक्त भंडार सरकार को दिया जाना चाहिए। संयुक्त राज्य अमेरिका और यूनाइटेड किंगडम सहित दुनिया भर में सामान्य मानदंड कुल संपत्ति का 8 फीसदी है। 2008 में यूएस फेड ने वित्तीय संकट के दौरान अमेरिकी बैंकों की मदद करने के लिए पर्याप्त मात्रा में भंडार आवंटित किया। इसलिए ऐसा कुछ भी नया नहीं है जिसे भारतीय सरकार अपने स्वार्थ के लिए अपने केंद्रीय बैंक से पूरा करवाना चाहती हो और हम सभी जानते हैं कि हमारे बैंकिंग क्षेत्र, विशेष रूप से सार्वजनिक उपक्रमों ने पिछले दशक में कैसा प्रदर्शन किया है।

जब बड़े पैमाने पर कर चोरी के कारण राजस्व संग्रह कम होता है और रोजगार सृजन और सामान्य विस्तार (5 ट्रिलियन डॉलर जीडीपी का लक्ष्य) के माध्यम से सुविधाओं के निर्माण के लिए बड़े पैमाने पर बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में निवेश करने की आवश्यकता होती है तो सरकार को धन की आवश्यकता होती है। आखिरकार, आरबीआई का पैसा भी लोगों का पैसा है। तो सरकार इसका उपयोग क्यों नहीं कर सकती? कई साल पहले, सरकार ने सभी बैंकों से कृषि क्षेत्र में ऋण देने के लक्ष्य को पूरा करने को कहा था और किसी भी कमी का भुगतान सरकार के माध्यम से राज्यों में ग्रामीण बुनियादी ढांचे के विकास में निवेश के लिए नाबार्ड को किया जाना था। इस निर्देश से कई गांवों को लाभ हुआ। प्रमुख अर्थशास्त्री और आरबीआई के पूर्व गवर्नर बिमल जालान समिति की रिपोर्ट के अनुसार, राष्ट्र निर्माण के लिए आरबीआई द्वारा केंद्र सरकार को आरक्षित धन का एक हिस्सा हस्तांतरित करना उचित है। भारतीय रिजर्व बैंक ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए केंद्र सरकार को 2.11 लाख करोड़ रुपये का लाभांश दिया। यह एक साल पहले की राशि से दोगुने से भी अधिक है। भारतीय रिजर्व बैंक भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 47 (अतिरिक्त लाभ का आवंटन) के अनुसार अधिशेष या व्यय पर आय की अधिकता को सरकार को हस्तांतरित करता है। अधिनियम की धारा 47 के अनुसार, केंद्र सरकार को खराब ऋण, मूल्यह्रास और अन्य खर्चों में कटौती के बाद शेष आय प्राप्त होगी। अधिकांश देशों में यही स्थिति है; अमेरिकी फेडरल रिजर्व, बैंक ऑफ जापान, बैंक ऑफ इंग्लैंड और जर्मन बुंडेसबैंक के कानून स्पष्ट रूप से कहते हैं कि आय का भुगतान सरकार या राजकोष को किया जाना चाहिए। अधिशेष और लाभांश गणना बिमल जालान समिति द्वारा अनुशंसित आर्थिक पूंजी ढांचे (ईसीएफ) पर आधारित थी। समिति ने सिफारिश की कि आरबीआई अपनी बैलेंस शीट का 5.5 से 6.5 प्रतिशत का आकस्मिक जोखिम बफर (सीआरबी) बनाए रखे।

बैंकों का सकल एनपीए 2018 में 11.25 प्रतिशत से गिरकर सितंबर 2023 में 3 फीसदी हो गया, जबकि ऋण वृद्धि लगभग 15 फीसदी रही। वित्त वर्ष 24 में बैंकिंग क्षेत्र का मुनाफा 39 फीसदी बढ़कर 3.1 लाख करोड़ रुपये हो गया। सूचीबद्ध सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के बैंकों का शुद्ध लाभ वित्त वर्ष 20 में 2.2 लाख करोड़ रुपये से वित्त वर्ष 23 में 39 फीसदी बढ़कर 3.1 लाख करोड़ रुपये हो गया। जहां सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों ने इस वर्ष 1.4 लाख करोड़ रुपये का रिकॉर्ड शुद्ध लाभ दर्ज किया, जो पिछले वर्ष की तुलना में 34 फीसदी अधिक है, वहीं निजी क्षेत्र के बैंकों का शुद्ध लाभ 1.7 लाख रुपये रहा, जो पिछले साल के 1.2 लाख करोड़ रुपये से 42 फीसदी अधिक है। एक दशक पहले, भारतीय रुपया एशिया की सबसे अस्थिर मुद्राओं में से एक था। रुपये की वैश्विक मौजूदगी बढ़ाने से इसके मूल्य को स्थिर करने में मदद मिल सकती है। इसके अलावा, आरबीआई भविष्य में होने वाले निवेश को बेहतर तरीके से संभालने के लिए विदेशी मुद्रा बाजार में हस्तक्षेप करने की अपनी क्षमताओं में सुधार कर रहा है। 2014 में अर्थव्यवस्था महत्वपूर्ण राजकोषीय और चालू खाता घाटे और दोहरे अंकों की मुद्रास्फीति से ग्रस्त थी। अब, मुद्रास्फीति नियंत्रण में है, राजकोषीय घाटा नीचे की ओर जा रहा है और चालू खाता घाटा जीडीपी का मुश्किल से 1 फीसदी से अधिक है और विदेशी मुद्रा भंडार लगभग ग्यारह महीने के आयात को कवर करता है। यह कमजोरी से स्थिरता और ताकत की यात्रा रही है। यहां दो बिंदुओं को उजागर करना आवश्यक है। सरकार के कोविड प्रबंधन और टीकाकरण रिकॉर्ड ने अर्थव्यवस्था के तेजी से उबरने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इसी तरह, पिछले दो वर्षों में उचित कीमतों पर कच्चे तेल की आपूर्ति का प्रभावी प्रबंधन उल्लेखनीय है। मनुष्य अदृश्य की सराहना करने में असमर्थ हैं- गलतियाँ नहीं की गई और जोखिमों से बचा गया, फिर भी प्रतितथ्य हमारे चारों ओर हैं। जैसा कि सरकार अपर्याप्त बुनियादी ढांचे और वित्तीय बहिष्कार जैसे दीर्घकालिक मुद्दों को संबोधित करती है, आकांक्षाएं बढ़ती हैं और उम्मीदें ऊपर की ओर बढ़ती हैं। सरकार और आरबीआई के सक्रिय मुद्रास्फीति प्रबंधन ने मुद्रास्फीति में वृद्धि को काफी हद तक कम कर दिया है। दूसरे वैश्विक झटके, यूक्रेन की स्थिति के कारण वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि हुई है।

यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2014 में पहली बार पद संभाला था, उस समय भारतीय अर्थव्यवस्था विशेष रूप से उत्साहजनक नहीं थी। भारतीय अर्थव्यवस्था कठिन दौर से गुजर रही थी। इसके परिणामस्वरूप लगातार दो वर्षों अर्थात 2012-13 और 2013-14 के लिए स्थिर कीमतों पर कारक लागत पर सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर 5 फीसदी से कम रही। खाद्य उत्पादों में डब्लूपीआय मुद्रास्फीति, जो 2013-14 में समाप्त होने वाले पाँच वर्षों में औसतन 12.2 फीसदी वार्षिक थी, गैर-खाद्य मुद्रास्फीति से उल्लेखनीय रूप से अधिक थी। पांच प्रतिशत से कम विकास को प्रभावित करने वाले तत्वों में से एक। यह सुझाव देने के लिए पर्याप्त से अधिक वास्तविक सबूत हैं कि यूपीए काल के दौरान बैंक ऋण की गुणवत्ता खराब हो गई थी, सरकार के अनुकूल कॉर्पोरेट्स को बड़े ऋण दिए गए थे, बिना ऐसे ऋणों की आवश्यकता या उधारकर्ताओं की उन्हें चुकाने की क्षमता पर उचित परिश्रम किए।

संक्षेप में, भारत की 'मिशन मोड' रणनीति, बढ़ती कठिनाइयों पर काबू पाने के लिए देश को वर्तमान और आने वाली समस्याओं से निपटने के लिए अच्छी स्थिति में है। आरबीआई की बढ़ती वैधता मुद्रास्फीति को कम करने से मुद्रास्फीति संबंधी उम्मीदें स्थिर होंगी, जिसके परिणामस्वरूप स्थिर ब्याज दर होगी। उद्यमों और जनता के लिए क्रमशः दीर्घकालिक निवेश और व्यय निर्णय लेने के लिए माहौल बनेगा।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# सावधान! दुराचारी हैवानों का सॉफ्ट टार्गेट हैं स्कूली बच्चियां



मनोज कुमार अग्रवाल

देश भर में अलग अलग स्थानों पर मासूम अल्पवय बच्चियों को येन केन प्रकारेण दरिंदगी का शिकार बनाने की घटनाओं की झड़ी लगी है।नोएडा के सेक्टर 12 से एक 6 साल की स्कूली छात्रा के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया है. बच्ची के पिता की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. बच्ची ने घर आकर पिता को बताया कि अंकल ने उसे बैड टच किया था. उधर उत्तराखंड के सितारगंज में एक चार वर्षीय मासूम से तीन नाबालिग ने सामुहिक दुष्कर्म किया है। मासूम से गैंगरेप करने वाले तीनों आरोपी नाबालिग हैं और बच्ची के स्कूल में ही पढ़ते हैं। तीनों आरोपियों की उम्र 9, 11 और 14 वर्ष की है। 14 वर्षीय आरोपी विशेष समुदाय का है और फिलहाल फरार है। अन्य दो आरोपियों को पुलिस संरक्षण में लिया गया है। स्कूली बच्चियों के साथ आए दिन दुराचार की वारदातों से देश शर्मसार हो रहा है लेकिन वारदात थमने का नाम नहीं ले रही हैं। कोयंबटूर जिले की महिला पुलिस ने अलंदुरई के पास एक सरकारी हाई स्कूल में बिना स्टैथोस्कोप के जांच करते समय 12 छात्राओं को गलत इरादे से छूने के आरोप में एक डॉक्टर को गिरफ्तार किया है।गिरफ्तार डॉक्टर की पहचान तिरुपथुर जिले के एस. सरवनमूर्ति (33) के रूप में हुई है। पुलिस ने कहा कि वह एक निजी संगठन में काम कर रहा था जो जिले में स्कूली बच्चों के लिए मुफ्त जांच शिविर आयोजित करता है। पिछले दिनों तमिलनाडु के सिरुमुगाई से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां रूटीन विजिट पर निकले बाल संरक्षण अधिकारी उस समय हैरान रह गए जब उन्होंने पाया कि टीचर द्वारा ही कथित तौर पर 9 छात्राओं का यौन उत्पीड़न किया गया। इस दौरान जब स्टूडेंट्स से उन्होंने बातचीत की तो अधिकारी ये देखकर हैरान रह गई कि स्कूल में शिक्षक के रूप में कार्यरत नटराजन द्वारा कक्षा 7 और 8 की नौ छात्राओं का कथित तौर पर यौन उत्पीड़न किया गया था. इस मामले में पॉक्सो एक्ट के तहत पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

वहीं उत्तर प्रदेश के पीलीभीत के रहने वाले एक मौलवी ने उत्तराखंड में मदरसे की 5 से 9 साल की 5 बच्चियों के साथ रेप किया। उन्हें धमकाता कि किसी को बताया तो जिन्न छोड़कर तुम्हारे मां-बाप को मरवा दूंगा। पुलिस ने आरोपी मौलवी को गिरफ्तार कर लिया है।पुलिस ने मौलवी को गिरफ्तार किया ये बच्चियां हिंदी-इंग्लिश मीडियम स्कूलों में पढ़ने जाती थीं। दोपहर में स्कूल खत्म करने के बाद पेरेंट्स इन्हें मौलवी के पास उर्दू सीखने के लिए भेज देते थे।मौलवी दो महीने से बच्चियों के साथ रेप कर रहा था।

महाराष्ट्र के बदलापुर और अकोला में भी ऐसा ही मामला बता दें कि महाराष्ट्र के बदलापुर में भी दो स्कूली बच्चियों से यौन शोषण का मामला सामने आया था. यहां सरकारी स्कूल का टीचर छात्राओं को अश्लील वीडियो दिखाता था. इस मामले में एफआईआर दर्ज कर ली गई है. आरोप है कि टीचर करीब चार महीनों से ये हरकत कर रहा था. छात्राओं ने बाल कल्याण समिति को कॉल किया और पूरी बात बताई। कर्नाटक के कालाबुरागी जिले में कक्षा में 11 वर्षीय स्कूली छात्रा के साथ बलात्कार के प्रयास के आरोप में पुलिस ने एक शिक्षक को गिरफ्तार किया है, अधिकारियों ने बुधवार को कहा। यह घटना जिले के आलंद तालुक के निंबार्गा पुलिस स्टेशन की सीमा में स्थित एक सरकारी स्कूल से सामने आई है। पुलिस ने यौन अपराधों से बच्चों की रोकथाम अधिनियम (पोक्सो) और भारतीय न्याय संहिता की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है।



कर्नाटक के कोलार जिले में हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां एक निजी प्री-यूनिवर्सिटी कॉलेज में पढ़ने वाली 17 वर्षीय लड़की ने सोमवार को स्कूल परिसर में ही बच्चे को जन्म दिया है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि 11वीं कक्षा में पढ़ने वाली लड़की ने महिला शौचालय में बच्चे को जन्म दिया है। इस घटना के बाद से स्कूल परिसर में हड़कंप मच गया है।पुलिस के अनुसार, लड़की और बच्चे को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। लड़की के माता-पिता ने बाद में कोलार महिला पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने बताया कि उन्होंने यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण (पोक्सो) अधिनियम की धारा 6 (गंभीर यौन उत्पीड़न) और भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 376 (2) (एन) (एक ही महिला से बार-बार बलात्कार करना) के तहत मामला दर्ज किया है।

ऐसा लगता है कि जैसे हमारे देश में बच्चियों और महिलाओं पर जिस्म के भूखे दरिंदे घात लगाकर टूट रहे हैं और कानून व्यवस्था के लिए चुनौती बन गए हैं। पश्चिम बंगाल में ट्रेनी डाक्टर के बलात्कार और हत्या को लेकर देशव्यापी प्रदर्शन किए जा रहे हैं लेकिन दरिंदगी बर्बरता और हैवानियत की वारदातें लगातार सामने आ रही है। पिछले 72 घंटों में सामने आई वारदातों पर एक नजर डालें :22 अगस्त को राजस्थान के श्रीगंगानगर जिले में एक 4 वर्षीय मासूम की मां जब किसी काम से घर से बाहर गई हुई थी तो उसके 35 वर्षीय रिश्तेदार ने मासूम से बलात्कार कर डाला। 22 अगस्त को ही बिहार के बेतिया में एक नर्सिंग कालेज के प्रिंसीपल मनीष कुमार जायसवाल को लड़कियों से अश्लील हरकतें करने, आफिस में शराब पीने तथा होस्टल की छत पर मालिश करवाने के आरोप में निलम्बित किया गया। 22 अगस्त को महाराष्ट्र के कोल्हापुर जिले में घर से लापता एक10 वर्षीय मासूम छात्रा का शव गन्ने के खेत से बरामद हुआ जिसकी हत्या करने से पहले उससे बलात्कार किया गया था। 23 अगस्त को असम के नागांव जिले के 'धींग' इलाके में रात लगभग 8 बजे ट्यूशन से साइकिल पर घर लौट रही 14 वर्षीय एक हिन्दू किशोरी से 3 लोगों ने बलात्कार कर डाला। 23 अगस्त को ही महाराष्ट्र के बदलापुर में एक स्कूल में 3 और 4 वर्ष की 2 मासूम बच्चियों के यौन उत्पीड़न के मामले में सरकार द्वारा गठित 2 सदस्यीय पैनल के अनुसार इन बच्चियों का एक बार नहीं बल्कि 15 दिनों में कई बार यौन शोषण किया गया जिससे उनकी योनि की झिल्ली फट गई। 23 अगस्त को ही छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में स्कूल से लौट रही एक 13 वर्षीय नाबालिग को लिफ्ट देने के बहाने जंगल में ले जाकर उससे बलात्कार करने के आरोप में एक 30 वर्षीय व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। 23 अगस्त के दिन ही चंडीगढ़ में एक स्कूल बस ड्राइवर मोहम्मद रज्जाक को 12वीं कक्षा की छात्रा की तस्वीरों से छेड़छाड़ के जरिए उसे ब्लैकमेल करके उससे बलात्कार करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। 24 अगस्त को महाराष्ट्र में पुणे के पिंपरी-चिंचवड में एक निजी स्कूल में 12 वर्षीया छात्रा के यौन उत्पीड़न के आरोप में एक अध्यापक और 7 अन्य को गिरफ्तार किया गया।24 अगस्त को ही असम में 'सोनितपुर' जिले में सैर पर निकली दो छात्राओं के साथ छेड़छाड़ करने का प्रयास करने के आरोपी ने पुलिस हिरासत से भागने की कोशिश की जिसे पुलिस ने गोली मार कर घायल कर दिया.

प्रतिदिन हो रही बलात्कार की घटनाओं ने न सिर्फ देश में मासूम बच्चियों और उनके अभिभावकों के दिल दिमाग में बच्चियों की सुरक्षा को लेकर दहशत और आशंका को जन्म दे रहीं हैं। देश भर में लडकियां खास कर स्कूली टीनएज छात्राऐं खुद को असुरक्षित और जिस्म के भूखे दरिंदों से घिरे वातावरण में महसूस कर रहीं हैं इस माहौल में नारी जाति की सुरक्षा पर गंभीर प्रश्न खड़े कर दिए हैं अतः आवश्यकता इस बात की है कि बलात्कार के मामलों में त्वरित सुनवाई कर बिना देरी दोषियों को कठोरतम दंड दिया जाए ताकि इस असुरक्षा की भावना से आधी दुनिया को बाहर निकाला जा सके।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।)**

नन्द के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की

# जलझूलनी एकादशी के मेले पर उमड़ा श्रद्धा का सैलाब, सांवलिया जी गूंजा.....

## सांवलिया सेठ मेले के दूसरे दिन चांदी के रथ में निकाली गई भव्य शोभायात्रा

चमकता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़! (बाबू अग्नानी)** जिले में मंडफिया स्थित श्रीकृष्णधाम श्री सांवलियाजी मंदिर में भगवान सांवलिया सेठ के विशाल जलझूलनी एकादशी मेले के दूसरे दिन भगवान श्रीसांवलियाजी की बैंड बाजों के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा नगर के विभिन्न मार्गों से गुजरी। इस दौरान पूरा वातावरण सांवलिया सेठ के जयकारों से गूंज उठा। भक्तों ने पुष्पवर्षा से भगवान का स्वागत किया।मेले के दूसरे दिन सोमवार को राजभोग आरती के बाद भगवान के बाल विग्रह को चांदी के रथ में बिराजमान किया गया। इस दौरान श्री सांवलिया सेठ की विशेष आरती की गई। परंपरागत वाद्य यंत्रों और ढोल नगाड़ों की थाप पर श्रद्धालुओं ने जमकर नृत्य किया और मंदिर परिसर में भगवान के साथ श्रद्धालुओं ने गुलाल भी खेली। बाद में भक्त रथ को खींचते हुवे मंदिर से बाहर लाए। शोभायात्रा पर हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा की गई। इस दौरान श्री सांवलियाजी मंदिर बोर्ड चेयरमैन भैरू लाल गुर्जर, मुख्य कार्यपालक अधिकारी राकेश कुमार, बोर्ड सदस्य अशोक शर्मा, संजय मंडोवरा, भैरूलाल सोनी सहित भारी संख्या में ग्रामीण और श्रद्धालु मौजूद रहे। रथयात्रा में राम दरबार, कृष्ण-सुदामा मिलन झांकी, राधा-कृष्ण झांकी, शिव परिवार झांकी महाकाल झांकी, बाहुबली हनुमान झांकी शेरावाली माँ की झांकी की भव्य प्रस्तुतियां दी गई।

### हेलीकॉप्टर से की गई पुष्प वर्षा

### लाखों श्रद्धालु उमड़े, भक्तों ने खेला सांवलिया के संग फाग

भगवान सांवलिया सेठ की रथ यात्रा करीब आठ घंटे तक चली। शाम को यह रथ यात्रा सांवलिया सरोवर घाट पहुंची जहां भगवान को जल स्नान कराया गया और भगवान की विशेष पूजा की गई। भगवान सांवलिया सेठ के मेले में लाखों श्रद्धालु उमड़ रहे हैं। मेले को लेकर प्रशासन की और से विशेष व्यवस्थाएं की गई है।

### शनिवार रात्रि के कार्यक्रम

शनिवार को रात्रि में मेला ग्राउंड, मीरा रंगमंच और गोवर्धन रंगमंच पर विशाल भजन संध्या और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इसमें भगवत सुथार मय दल द्वारा रात्रि 9 बजे से मेला ग्राउण्ड (मीरा रंगमंच) तथा पूजा नथानी मय दल द्वा-रा : मेला ग्राउण्ड (गोवर्धन रंगमंच) पर भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। वहीं रात्रि 1 बजे से मेला ग्राउण्ड बस स्टेण्ड (गोवर्धन रंगमंच) पर तन्मय वकारिया (तारक मेहता उल्टा चश्मा फेम बाघा) व हिमांशु बवण्डर (इण्डियाज लाफ्टर चैंपियन फेम मय दल) द्वारा प्रस्तुतियां दी जाएगी।





### रविवार को होगा समापन

रविवार को मेले का समापन होगा। शाम को 7 बजे मेला ग्राउंड, मीरा रंग मंच स्टेज पर समापन समारोह व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस दिन दिव्यांगों को मोटोराईज्ड स्कूटी वितरण एवं प्रतिभावान विद्यार्थी सम्मान समारोह आयोजित होगा। साथ ही वीणा कैसेट्स द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएगी।

### कवि सम्मेलन एवं भजन संध्या का आयोजन

श्री सांवलिया जी में लेकर पहले दिन रात्रि को कवि सम्मेलन एवं विशाल भजन संध्या का आयोजन किया गया। कवि सम्मेलन में कवि सुरेन्द्र शर्मा, सत्यनारायण सतन, विवेक पारीक, जॉनी बैरागी, भुवन मोहिनी, विष्णु सक्सेना, मुन्ना बैट्री, नवल सुधांशु, प्रवीण राही सहित कवियों ने श्रृंगार, हास्य, वीर रस की कविताएं पेश की। कवि सम्मेलन में मंच संचालन कवि अजातशत्रु ने किया। कवि सम्मेलन की शुरुआत कवित्री नमिता नमन ने सरस्वती वंदना से की। इसके पश्चात कवि प्रवीण राही ने सैनिकों पर कविता पाठ किया। कवि विवेक पारीक ने ₹विरोध हो विराट या विपत्तिया विशाल हो .₹, नवल सुधांशु ने ₹गीत मेरा अधरों को तरसा...₹ , कवित्री डॉ भुवन मोहिनी ने ₹हो गई रे बावरिया दुनिया हो गई रे.₹ आदि कविताएं पेश कर समां बांध दिया। कवि मुन्ना बैटरी, जॉनी बैरागी ने हास्य रस के माध्यम से दर्शकों को गुदगुदाया। कवि विष्णु सक्सेना ने गीत प्रस्तुत किए। कवि सम्मेलन में कवि सुरेंद्र शर्मा, सत्यनारायण सत्तन ने अपनी प्रस्तुतियां दी। कवि सम्मेलन में सांसद सीपी जोशी, कपासन विधायक अर्जुन लाल जीनगर, अतिरिक्त जिला कलक्टर और मुख्य कार्यपालक अधिकारी राकेश कुमार, अतिरिक्त कलेक्टर भू अ सुरेंद्र सिंह पुरोहित, सांवरियाजी के मेला प्रभारी एडीएम विनोद मल्होत्रा, मंदिर मंडल के अध्यक्ष भैरूलाल गुर्जर, कपासन प्रधान, भदेसर एसडीएम विजयेश कुमार पांड्या, तहसीलदार सहित कई जनप्रतिनिधि, एस एच ओ शीतल गुर्जर सहित कई अधिकारी और मंदिर मंडल के सदस्य गण उपस्थित रहे ।साथ ही, मीरा रंगमंच एवं गोवर्धन रंगमंच स्टेज पर विशाल भजन संध्या का आयोजन किया गया। इसमें प्रख्यात भजन गायक राज पारीक, छोटूसिंह रावणा एवं सवाई भाट मय दल द्वारा सुन्दर भजनों की प्रस्तुतियां दी गई।

## संक्षिप्त समाचार

### हिंदी दिवस पर विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित



**चमकता राजस्थान। अलवर/भरतपुर (राजवीर सिंह)।** राज्य सरकार के निर्देश अनुसार राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय केसरपुर में हिंदी दिवस के मौके पर विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई जिनमे सभी कक्षाओं के छात्र छात्राओं ने भाग लिया।हिंदी दिवस कार्यक्रम की संयोजक ज्योति मामोडिया ने बताया कि हिंदी दिवस के अवसर पर निबंध लेखन,कविता, कहानी पाठन,चार्ट प्रतियोगिता,प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया ।विजेता छात्र छात्राओं को पारितोषिक वितरण किया गया ।इस अवसर पर एक कार्यक्रम भी आयोजित किया गया ।प्रधानाचार्य अनीता बाई राघव ने हिंदी के प्रचार प्रसार के लिए आ''ान किया ।वही व्याख्याता ओम प्रकाश वर्मा ने हिंदी के उद्भव और विकास से संबंधित जानकारी बच्चों को प्रधान की। उप प्राचार्य नूतन सैनी ने हिंदी दिवस के अवसर पर बेटी बचाओ,बेटी पढ़ाओ,प्रखर राजस्थान, स्वच्छता पखवाड़ा के बारे में जानकारी प्रदान की ।अशोक खुराना, बीना शर्मा, पुष्पलता नीरू यादव,प्रीति गौतम, मुकेश गुप्ता, सपना यादव सहित विद्यालय स्टाफ कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

### आपदा कार्य में लापरवाही बरतने पर अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका बसेड़ी को निलंबित

**चमकता राजस्थान। धौलपुर (रामदास तरुण)।** धौलपुर, 14 सितंबर 24 को जिले में भारी बारिश होने तथा पार्वती नहर में पानी की अत्यधिक आवक होने कारण नगर पालिका क्षेत्र बसेडी में बा-ढ़ के हालात की स्थिति उत्पन्न हो जाने पर अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका बसेड़ी को नगरीय क्षेत्र में जलभराव होने पर तत्काल प्रभाव से अपनी टीमें तैनात किये जाकर अतिरिक्त जल निकासी की कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। किंतु अधिशाषी अधिकारी द्वारा बाढ़ राहत कार्य में कोई कार्यवाही नहीं की गई। तहसीलदार बसेडी ने अवगत कराया गया कि योगेश कुमार अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका बसेडी बिना किसी अवकाश स्वीकृति के मुख्यालय से अनुपस्थित पाये गये। उन्होंने दूरभाष पर अवगत कराया गया कि वह भरतपुर में है। आपदा प्रबन्धन अधिनियम 2005 के अध्याय 10 के तहत योगेश कुमार अधिषाशी अधिकारी नगर पालिका बसेडी को बिना पूर्व अनुमति के मुख्यालय से अनुपस्थित रहने एवं आपदा कार्य में लापरवाही बरतने के कारण जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी द्वारा तुरन्त प्रभाव से निलम्बित किये जाने के आदेश जारी किए गए हैं।

## वैदिक मंत्रोच्चार के बीच मचकुंड सरोवर पर जल पूजन कर किया कुदरत का आभार

### राजस्थान जल महोत्सव 2024" के जिला स्तरीय कार्यक्रम का हुआ आयजन - जिला कलक्टर

चमकता राजस्थान

**धौलपुर( रामदास तरुण)** । धौलपुर 14 सितम्बर 24 को राज्य सरकार के निर्देशानुसार जलझूलनी एकादशी के अवसर पर सम्पूर्ण प्रदेश में पूर्ण भरे हुए जलाशयों पर शनिवार को ''राजस्थान जल महोत्सव 2024'' का आयोजन किया गया। इसी क्रम में धौलपुर में जिला स्तरीय कार्यक्रम तीर्थराज मचकुण्ड में आयोजित किया गया। राजस्थान जल महोत्सव 2024 के जिला स्तरीय कार्यक्रम को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने कहा कि जल की महत्ता को समझते हुए उसका संरक्षण करना चाहिए तथा अच्छी वर्षा के लिए प्रकृति को धन्यवाद अर्पित करना चाहिए, वर्षों बाद अच्छी बारिश ने जीवित किए जल स्त्रोत कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला कलक्टर ने कहा कि पिछले वर्ष की तुलना इस वर्ष प्रदेश सहित जिले में बा-रिश अच्छी होने से जल संग्रहण की स्थिति अच्छी रही है। पूर्व में जल अभाव से ग्रसित रहने वाले राजस्थान राज्य के जल स्त्रोत इस वर्ष जल से सराबोर हैं। इसी के मद्देनजर राज्य सरकार ने प्रकृति का आभार व्यक्त करने एवं जल संग्रहण व संरक्षण की जागरूकता हेतु ''राजस्थान जल महोत्सव 2024'' आयोजित करने का निर्णय लिया। उन्होंने कहा कि वर्षों बाद जिले में काफी अच्छी वर्षा हुई है जिससे कई जल स्त्रोत पुनर्जीवित हुए हैं। जल का संरक्षण अति आवशयक है। हम सभी को जल को दूषित होने से बचाना चाहिए। उन्होंने आमजन से जिले के सभी जलस्त्रोतों के आसपास साफ-सफाई रखने तथा जल को व्यर्थ न बहाने की अपील की। इस दौरान उन्होंने जल की महत्ता को बताते हुए इसके दुरूपयोग से जनजीवन पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभावों की जानकारी दी तथा जल प्रदूषण को रोकने की अपील की।



### कलश पूजन एवं दीपदान कर जल संरक्षण का लिया संकल्प

''राजस्थान जल महोत्सव 2024'' के जिला स्तरीय कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विद्यालयों की बालिकाओं एवं महिलाओं द्वारा कलश पूजन एवं दीपदान किया गया। जिला कलक्टर ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच तीर्थराज मचकुंड में जल पूजन किया एवं जल संरक्षण का संकल्प लेते हुए प्रदेश में भरपूर मात्रा में वर्षा जल प्रदान करने के लिए प्रकृति का आभार प्रकट किया ।लोकगीतों के माध्यम से दिया जल संरक्षण का संदेश कार्यक्रम के दौरान रोशन मस्ताना क्लब के कलाकारों द्वारा लोकगीतों के माध्यम से जल संरक्षण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के दौरान जिला परिषद सीईओ सुदर्शन सिहं तौमर, उपखण्ड अधिकारी धौलपुर साधना शर्मा, जल संसाधन विभाग के अधीक्षण अभियंता सुरेश चन्द्र मीणा, नगर परिषद आयुक्त अशोक शर्मा, विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी, भाजपा नेत्री नीरजा शर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र पाराशर, विद्यार्थी, आंगनबाड़ी सुपरवाइजर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहित आमजन उपस्थित रहे।

## धौलपुर शहर में जलभराव के आंकलन हेतु जिला कलक्टर ने किया संयुक्त टीम का गठन

चमकता राजस्थान

**धौलपुर (रामदास तरुण)।** धौलपुर शहर में राज्य मंत्री, गृह, गोपालन, पशुपालन एवं डेयरी, मतस्य विभाग एवं प्रभारी मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म के निर्देशानुसार नगर परिषद धौलपुर क्षेत्र में जलभराव की समस्या के आंकलन एवं समाधान हेतु उपखण्ड अधिकारी धौलपुर, आयुक्त नगर परिषद धौलपुर, अधिशाषी अभियन्ता जल संसाधन खण्ड प्रथम धौलपुर एवं अधिशाषी अभियन्ता सार्वजनिक निर्माण विभाग धौलपुर की संयुक्त टीम का गठन किया गया है। जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने बताया कि नगरपरिषद धौलपुर क्षेत्र में दौरा कर जल भराव की समस्या का आंकलन करेंगे! एवं नगर परिषद क्षेत्र में प्रभावित क्षेत्रों से पानी निकासी की व्यवस्था कर वस्तु स्थिति रिपोर्ट से 2 दिवस में जिला कलक्टर को अवगत कराएंगे।



### एसडीआरएफ टीम नें ग्राम मालोनी पंवार के समीप बरसाती नाले में बहे 46 वर्षीय व्यक्ति के शव को बरामद करने में प्राप्त की सफलता



**चमकता राजस्थान धौलपुर (रामदास तरुण)।** धौलपुर, 14 सितम्बर 24 को शुक्रवार 13 सितंबर दोपहर पुलिस कंट्रोल रूम जिला धौलपुर से पुलिस थाना कौलारी के अंतर्गत ग्राम मालोनी पंवार के समीप बरसाती नाले में एक व्यक्ति के बहने की सूचना पर एसडीआरएफ रेस्क्यू टीम प्रभारी 10 जवानों की टीम तथा आपदा राहत उपकरणों के साथ घटनास्थल पहुँचे। टीम कमांडर ने स्थिति का जायजा लिया तथा एसडीआरएफ कमांडेंट को बताया कि पुलिस थाना कौलारी जिला धौलपुर के अन्तर्गत ग्राम मालोनी पंवार के समीप बरसाती नाले को पार करने के दौरान एक व्यक्ति बह गया था। व्यक्ति के शव की तलाश हेतू स्थानीय प्रशासन एवं ग्रामीणों के द्वारा लगातार प्रयास किये जा रहे है! किन्तु अभी तक सफलता प्राप्त नहीं हुई थी। टीम कमाण्डर के निर्देश पर रेस्क्यू टीम के जवानों ने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। सबसे पहले रेस्क्यू टीम ने मोटर बोट को तेज गति से चलाकर बरसाती नाले के पानी को हिलाया। उसके बाद बांस, बिलाई एवं रेस्क्यू रोप की सहायता से गहन सर्च किया। सांय 7 बजे स्थानीय प्रशासन के आदेशानुसार सर्च ऑपरेशन प्रातः तक स्थगित कर दिया गया। शनिवार को रेस्क्यू टीम द्वारा प्रातः 9 बजे से पुनः सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया। टीम ने मोटर बोट, बांस, बिलाई एवं रेस्क्यू रोप की सहायता से गहन सर्च किया। अथक परिश्रम तथा कडी मेहनत से टीम को प्रातः 10:15 बजे सफलता मिली। टीम ने बरसाती नालें में बहे व्यक्ति लाखन सिंह पुत्र पुन्ना लाल उम्र 46 वर्ष निवासी ग्राम मालोनी पंवार पुलिस थाना कौलारी जिला धौलपुर के शव को बरामद कर स्थानीय प्रशासन को सुपुर्द कर दिया है।

## संक्षिप्त समाचार

### युवा चेतना समिति व अन्न क्षेत्र फाउंडेशन जयपुर के सहयोग से प्राप्त खाद्य सामग्री का सपेरा बस्ती में वितरण




**चमकता राजस्थान। धौलपुर (रामदास तरुण)।** जिला धौलपुर के बाड़ी उपखण्ड में आज युवा चेतना समिति बाड़ी धौलपुर एवं अन्न क्षेत्र फाउंडेशन जयपुर के सहयोग से प्राप्त खाध सामग्री बिस्कुट पैकिट सपेरा बस्ती गडरपुरा बस्ती में बितरण किये। बिस्कुट खाकर बच्चों के खिले चहरे। और बच्चों ने यह भी कहा कि हमने इतना महंगा बिस्कुट कभी नहीं खाया हैं। हमारी संस्था के द्वारा पिछले 15-20 वर्षों से गरीब, असहाय विकलांग, सपेरा बस्ती, गाड़ीया लुहार, बेसहारा लोगों की मदद करती है, इसी बीच संस्था के अध्यक्ष डॉ. रामदास तरुण ने वहां जाकर सपेरो की परेशानियो को समझा तथा उनके हक की लड़ाई में शामिल होने के लिए अस्वस्त किया ! और यह कहां कि आप अपने बच्चों को जरूर पढ़ाए ! डॉ. विवेक अग्रवाल जयपुर, रामदास तरुण अध्यक्ष, लक्ष्मी नारायण गौड सचिव, रामनिबास, सुरेश चदं सैमल, मनोज सरदार, राजेश, यशपाल चौधरी, कमला देवी, विश्वेन्द्रसिहं, लाखन सिंह, रामबाबू, आशा वाई, अनीता, कप्तान सिंह, मनीष कुमार, शिवम भारद्वाज पत्रकार, आदि मौजूद रहे।

### रिलायंस फाउंडेशन ने वुमन लीडर्स इंडिया फेलोशिप के लिए 50 विशिष्ट महिलाओं का चयन किया

- जलवायु, शिक्षा और आजीविका के क्षेत्रों में महिलाओं को मिलेगा विशेष प्रशिक्षण




**चमकता राजस्थान। मुंबई।** रिलायंस फाउंडेशन ने वाइटल वॉइसेज के साथ मिलकर वुमन लीडर्स इंडिया फेलोशिप 2024-25 के लिए 50 विशिष्ट महिलाओं का चयन किया है। यह फेलोशिप सोशल सेक्टर में ऐसी वीमेन लीडर्स और आंत्रप्रेन्योर्स को एक साथ लाएगा, जो जलवायु, शिक्षा, आजीविका, खेल आदि अहम क्षेत्रों में काम करती हैं और जिनका मकसद भारत की प्रमुख सामाजिक और आर्थिक चुनौतियों का समाधान करना है।

द वुमन लीडर्स इंडिया फेलोशिप प्रोग्राम 2024-25 मुंबई में 13 सितंबर को शुरू हुआ, जहां फेलो के पास नेटवर्किंग और भारत व दुनिया के सोशल सेक्टर एक्सपर्ट्स से अहम जानकारी हासिल करने का मौका मिला। रिलायंस फाउंडेशन की निदेशक ईशा अंबानी ने कहा, ''जब महिलाएं नेतृत्व करती हैं, तो वह असंभव को संभव बना देती हैं। वे नई सोच और दृष्टिकोण को सामने लाती हैं। वुमन लीडर्स इंडिया फेलोशिप के लिए चुनी गई 50 फेलो को बधाई।

वाइटल वॉइसेज ग्लोबल पार्टनरशिप के प्रेसिडेंट और सीईओ एलिस नेल्सन ने बताया, 'हम रिलायंस फाउंडेशन के साथ पार्टनरशिप को लेकर काफी उत्साहित हैं। इस पार्टनरशिप के जरिए भारत की अगली पीढ़ी की उन महिलाओं को सहायता मिलेगी, जो सामाजिक बदलाव लाने में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं।

### नेट थिएटर पर स्वर पखावज

- मुंबई के ऋतुराज भोसले ने पखावज पर चोताल ताल की प्रस्तुति दी




**चमकता राजस्थान। जयपुर।** नेट थिएट कार्यक्रमों की श्रृंखला में आज मुंबई के युवा पखावत वादक ऋतुराज भोसले ने अपने पखवाज वादन से दर्शकों का दिल जीता।

नेट थिएट के राजेंद्र शर्मा राजू ने बताया कि मुंबई निवासी ऋतुराज भोसले ने पखावज पर चौताल लाल की प्रस्तुति से सभी को मंत्र मुक्त किया। 12 मात्रा की चोताल को चारताल भी कहा जाता हे। ऋतुराज भोसले ने अपने पखावज वादन मे अपने गुरू के सबक को बेहद खूबसुरती से प्रस्तूत किया।

ऋतुराज ने घरानेदार परणे, सुन्दर तिहाई, वे अनके लेयकारी और पखावज की अनेक दुर्लभ बंदीशो को बाखूबी प्रस्तुत किया।

ऋतुराज के साथ राजस्थान के एकमात्र दिलरुबा वादक मोहम्मद उमर ने नगमा संगत को दर्शको ने खूब सराहा।

कार्यक्रम का संचालन प्रिंस ऑफ़ वायलिन गुलजार हुसैन ने किया।

कार्यक्रम में खुश खरीद के देवेंद्र सिंह भी की ओर से कलाकारों को स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए।

कार्यक्रम संयोजक नवल डांगी कैमरा लाइट्स मनोज स्वामी संगीत सागर गढ़वाल और वीरेंद्र सिंह राठौड़ मंच सज्जा अंकित शर्मा नोनू एवं जीवतेश शर्मा की रही।

# सफल विदेश यात्रा से लौटने पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का हुआ भव्य स्वागत

## जयपुर एयरपोर्ट सहित विभिन्न स्थानों पर आमजन ने किया मुख्यमंत्री का हार्दिक अभिनंदन

- मुख्यमंत्री एवं उप मुख्यमंत्री ने दक्षिण कोरिया एवं जापान में इन्वेस्टर मीट में लिया हिस्सा
- विभिन्न निवेशकों ने राजस्थान में निवेश करने में दिखाई रूचि





चमकता राजस्थान

जयपुर, 14 सितम्बर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा अपनी दक्षिण कोरिया और जापान की सफल विदेश यात्रा के बाद शनिवार को उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा के साथ जयपुर लौटे।मुख्य मंत्री शर्मा के यहां पहुंचने पर जयपुर एयरपोर्ट परिसर में राज्य मंत्रीपरिषद के सदस्यों एवं विधायकों सहित उच्चाधिकारियों ने उनका भव्य स्वागत किया। मंत्रिगण और विधायकों ने मुख्यमंत्री का साफा एवं माला पहनाकर तथा पुष्पगुच्छ भेंट कर सफल विदेश यात्रा के लिए उन्हें बधाई दी।

एयरपोर्ट के बाहर भी विभिन्न स्थानों पर आमजन ने मुख्यमंत्री का ढोल-नगाड़ों के साथ उत्साहपूर्वक स्वागत किया। बुजर्गों, महिलाओं एवं युवाओं ने विकसित राजस्थान के लिए लगातार किए जा रहे फैसलों एवं प्रयासों के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए उन्हें धन्यवाद दिया। इस दौरान लोक कलाकारों ने कच्छी घोड़ी नृत्य किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थानवासियों का उत्साह और उमंग पूरी दुनिया में प्रसिद्ध है। उन्होंने कहा कि राजस्थान की 8 करोड़ जनता ने जिस विश्वास के साथ हमारी सरकार बनाई, उस भरोसे पर खरा उतरते हुए राज्य सरकार पूरे समर्पित भाव से विकसित राजस्थान के लिए निरंतर कार्य करती रहेगी।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्रीमती दिया कुमारी, मंत्री जोगाराम पटेल, बाबूलाल खराड़ी, सुरेश रावत, अविनाश गहलोत, हीरालाल नागर, झाबर सिंह खर्रा, जवाहर सिंह बेढ़म, के.के. विश्नोई एवं विजय सिंह, राज्यसभा सांसद मदन राठौड एवं राधामोहन दास अग्रवाल, लोकसभा सासंद सी.पी. जोशी, राव राजेन्द्र सिंह एवं श्रीमती मंजू शर्मा, विधायक कालीचरण सराफ, बालमुकुंदाचार्य, गोपाल शर्मा, जयदीप बिहाणी, महेन्द्रपाल मीना, रामबिलास, जयपुर ग्रेटर नगर निगम महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर, मुख्य सचिव सुधांश पंत, पुलिस महानिदेशक उत्कल रंजन साहू सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि एवं वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### विभिन्न निवेशकों ने राजस्थान में निवेश करने में दिखाई रूचि

» उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार ने राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट–2024 के तहत राज्य में निवेश के लिए इन्वेस्टर मीट और रोड–शो जैसी कई महत्वपूर्ण पहल की है। इस समिट का पहला इन्वेस्टर मीट मुंबई में सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ जिसमें साढ़े चार लाख करोड़ रुपये से अधिक के एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने दक्षिण कोरिया और जापान में इन्वेस्टर मीट में हिस्सा लिया जहां कई महत्वपूर्ण कंपनियों और निवेशकों ने राजस्थान के विभिन्न क्षेत्रों में निवेश करने में रूचि दिखाई।

## भरतपुर में उठी मांग- सूखी नदियों में पानी लाये सरकार

### पांचना बांध के पानी का किया जाए बंटवारा सीएम को देंगे ज्ञापन कमेटी के गठन का निर्णय





चमकता राजस्थान

भरतपुर (राजवीर सिंह)। करौली के पांचना बांध के पानी में भरतपुर का हिस्सा तय करने, सूखी पडी बाण गंगा व रूपारेल नदी में पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना द्वारा पानी लाने, बाण गंगा नदी को पांचना बांध से जोडने, भरतपुर को यमुना का पूरा पानी उपलब्ध कराने जैसे मुद्दों को लेकर शनिवार को खण्डेलवाल धर्मशाला में जिले के सभी दलों के पदाधिकारियों, गणमान्य नागरिकों, समाजसेवियों की एक बैठक आयोजित हुई जिसमें तय किया गया कि भरतपुर की सूखी पडी नदियों में पानी लाने के लिए और पांचना बांध के पानी में भरतपुर का हिस्सा तय करने को लेकर एक आंदोलन चलाया जायेगा जिसके लिए एक कमेटी बनाई जायेगी। बैठक की अध्यक्षता करते हुए पूर्व सांसद पण्डित रामकिशन ने कहा कि पांचना के पानी में भरतपुर का हिस्सा है और इस बांध की ऊचाई बढाकर भरतपुर के हिस्से के पानी को गैर कानूनी तरीके से कम कर दिया है। उन्होंने कहा कि बाढ को रोकने के लिए पांचना बांध का निर्माण कराया गया लेकिन जरूरत के वक्त पिछले लगभग 40 वर्षो से कभी गम्भीर नदी के द्वारा भरतपुर के किसानों और केवलादेवी राष्ट्रीय उद्यान को पानी नहीं दिया गया। अब हम सब को मिलकर अपने हिस्से का पानी तय कराना होगा जिसके लिए आंदोलन चलाने की जरूरत है। बैठक में किसान नेता इंदलसिंह जाट, वैर विधायक बहादुर सिंह कोली, समृद्ध भारत अभियान के निदेशक सीताराम गुप्ता, भरतपुर राज परिवार के काका रघुराज सिंह, रूपवास के पूर्व प्रधान सालिगराम शर्मा सहित अन्य वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त करते हुए पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना के हुये समझौते को आम लोगों के सामने लाने की आवश्यकता बताई। बैठक के अन्त में प्रमुख मार्क्सवादी नेता सीताराम येचुरी के निधन पर 2 मिनट का मौन भी रखा गया। इस बैठक में भाजपा नेता गिरधारी तिवाडी,भाजपा नेता दौलत सिंह फौजदार, लोकदल जिला अध्यक्ष संतोष फौजदार,जाट महासभा के जिलाध्यक्ष प्रेमसिंह कुन्तल,कांग्रेस के साहबसिंह एडवोकेट,शहर कांग्रेस अध्यक्ष दयाचन्द पचौरी, बाल कल्याण समिति अध्यक्ष राजाराम भूतौली,गंगाराम पाराशर, डॉ0 लोकेश शर्मा, कौशलेश शर्मा, ताराचन्द शर्मा, आलोक शर्मा, अन्नपूर्णा रसोई संचालक विष्णु दत्त शर्मा सहित अनेक प्रबुद्धजन शामिल हुए।

## हमें हमारी हिन्दी भाषा पर गर्व होना चाहिएः दिया कुमारी



चमकता राजस्थान

**जयपुर।** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने जयपुर में हिंदी दिवस के अवसर पर भाषा एवं पुस्तकालय विभाग द्वारा आयोजित 'राज्य स्तरीय हिंदी दिवस समारोह' में शामिल होकर हिंदी भाषा की अमूल्य धरोहर और उसके सामाजिक महत्व पर विचार साझा किए,साथ ही, हिंदी की समृद्ध संस्कृति और साहित्य को प्रोत्साहित करने वाले गणमान्य व्यक्तियों को सम्मानित किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन हिंदी की सांस्कृतिक समृद्धि को उजागर करने के साथ ही भाषा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को और अधिक मजबूत करते हैं। हिंदी ने न केवल हमें एकजुट किया है, बल्कि हमारी पहचान और गौरव को भी एकत्रित किया है,उन्होंने कहा कि जिस तरह हमें हमारे देश पर गर्व है उसी तरह हमें हमारी भाषा हिन्दी भाषा पर भी गर्व होना चाहिए

इस समारोह में कैबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत, सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा,कार्मिक विभाग के शासन सचिव डॉ. के.के पाठक,भाषा एवं पुस्तकालय विभाग के निदेशक व संयुक्त शासन सचिव मनीष गोयल, स्कूल शिक्षा और भाषा एवं पुस्तकालय विभाग के शासन सचिव कृष्ण कुणाल सहित हिंदी विषय में शत-प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले छात्र एवं छात्राएं व प्रबुद्धजनों की उपस्थिति ने इस कार्यक्रम को विशेष बना दिया।

## सिटी पार्क और फाउंटेन स्क्वेयर पार्क का निरीक्षण

# सजगता-संपूर्णता से करें काम, जनता ना हो परेशान-आवासन आयुक्त डॉ. रश्मि शर्मा

चमकता राजस्थान

जयपुर। आवासन आयुक्त डॉ रश्मि शर्मा ने शनिवार को जयपुर में प्रगतिरत योजनाओं का दौरा एवं सघन निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। उन्होंने कहा कि अधिकारी-अभियंता विकास कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित करते हुए उन्हें समय पर पूरा करें जिससे आमजन को शीघ्र सुविधाएं मिल सके।

- सिटी पार्क, आईजी नगर का निरीक्षण कर दिए दिशा-निर्देश

डॉ शर्मा ने मानसरोवर में सिटी पार्क तथा फाउंटेन सक्वायर पार्क के विकास कार्यों का निरीक्षण एवं अवलोकन भी किया। साथ ही दांतली, सिरोली व आईजी नगर का निरीक्षण भी किया। उन्होंने कहा कि जयपुर में हुई अतिवृष्टि के कारण जहाँ भी बारिश के चलते आवास या सड़क को क्षति पहुँची है। वहाँ त्वरित गति से मरम्मत करवाने के निर्देश दिये हैं।



### कार्यों में गुणवत्ता का रखे विशेष ध्यान- आवासन आयुक्त

डॉ शर्मा ने अधिकारियों को सख़्त निर्देश दिए कि संबंधित अभियंता विकास और निर्माण कार्यों में गुणवत्तापूर्ण सामग्री का ही उपयोग करें। उन्होंने कहा कि कार्य समय पर पूर्ण नहीं होने पर संबंधित अभियंता की जिम्मेदारी तय की जाएगी और उनके विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा की घटिया निर्माण के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम किया जा रहा है। कभी भी किसी भी निर्माण कार्य का सैंपल लेकर जाँच की जा सकती है और करवाई जा सकती है।

### शिकायतों पर जिम्मेदारी और कार्रवाई तय हो : आवासन आयुक्त

उन्होंने अभियंताओं को सख़्त निर्देश दिये कि जिन भी संवेदकों की शिकायत प्राप्त हो रही है या उनके द्वारा निर्माण कार्य में लापरवाही बरती जा रही है। उनकी भी तुरंत जाँच करवा ब्लैक लिस्ट किया जाये। निर्माण से आवंटन होने तक प्रत्येक प्रोजेक्ट में संवेदनशीलता से कार्य किया जाये। उल्लेखनीय है की डॉ रश्मि शर्मा ने कुछ दिन पहले ही प्रताप नगर का औचक निरीक्षण किया था जहाँ उन्होंने टेस्टिंग लैब में खुद अपने समक्ष सैम्पलेस की जाँच करवाई जो गुणवत्ता माणकों के अनुरूप पाये गये थे। इस दौरे के दौरान मुख्य अभियंता प्रथम श्री अमित अग्रवाल, अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री प्रतीक श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने किया डॉ राधा मोहन अग्रवाल का स्वागत



**चमकता राजस्थान/जयपुर।** मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री, राज्यसभा सांसद एवं राजस्थान प्रदेश प्रभारी डॉ. राधा मोहन अग्रवाल के सिटी पैलेस आगमन पर उनका हार्दिक स्वागत और अभिनंदन किया। इस दौरान संगठन को नई दिशा देने और उसे विस्तार करने के महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई।

### ज्योति मिर्धा ने कि उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी से मुलाक़ात



**चमकता राजस्थान/जयपुर।** पूर्व सांसद एवं भाजपा नेत्री है ज्योति मिर्धा ने जयपुर में प्रदेश की उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी से मुलाकात कर उन्हें नागौर जिले के खरनाल स्थित परम आराध्य लोकदेवता श्री वीर तेजाजी मंदिर को राष्ट्रीय स्मारक घोषित करवाने की मांग को लेकर दो सूत्रीय मांग पत्र सौंपा। इस पत्र में खरनाल स्थित तेजाजी महाराज मंदिर को राष्ट्रीय स्मारक घोषित करवाने के साथ- साथ खरनाल मंदिर के लिए स्पेशल कॉरिडोर प्रोजेक्ट तैयार करवाकर विकास कार्यों के लिए बजट घोषणा की वित्तीय स्वीकृति जारी करवाने का आग्रह किया। इस दौरान नागौर संसदीय क्षेत्र में विकास को लेकर विभिन्न समसामयिक विषयों पर भी विस्तृत चर्चा हुई।

### पुस्तक पाठक संगम में हुई उपन्यास ''सुगंधा'' पर परिचर्चा*



**चमकता राजस्थान। जयपुर।** केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, हिन्दी विभाग जयपुर और विश्व संवाद केन्द्र की ओर से शुक्रवार को विश्वविद्यालय परिसर में पुस्तक पाठक संगम और लेखक के साथ संवाद का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में युवा उपन्यासकार मुरारी गुप्ता के चर्चित उपन्यास ''सुगंधा : एक सिने सुंदरी की त्रासद कथा'' पर लेखक के साथ संवाद का आयोजन हुआ। उपन्यासकार मुरारी गुप्ता ने उपन्यास पर चर्चा करते हुए उपन्यास की भूमिका के बारे बात की। गौरतलब है कि हिन्दी सिनेमा की एक प्रख्यात अभिनेत्री के जीवन को आधार बनाकर लिखा गया उपन्यास ''सुगंधा'' अपनी विषय सामग्री और लेखन शैली के कारण युवाओं में काफ़ी लोकप्रिय हो रहा है। इस दौरान लेखक मुरारी गुप्ता ने विद्यार्थियों के उपन्यास और साहित्य से जुड़े सवालों और जिज्ञासाओं का समाधान किया। इस अवसर पर डॉ. दर्शना जैन ने पुस्तक पाठक संगम का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। विश्वविद्यालय की डॉ. रेखा पाण्डेय और डॉ. प्रीति शर्मा ने स्वागत और धन्यवाद दिया। कार्यक्रम का संचालन विश्व संवाद केंद्र के अशोक ने किया। अखिल भारतीय साहित्य परिषद के सह संगठन मंत्री मनोज कुमार सहित विश्वविद्यालय के कई प्राध्यापक भी मौजूद रहे।

### अन्तर्राज्जीय वाहन चोर अकिल अहमद गिरफ्तार

# पुलिस पुलिस थाना वैशाली जयपुर की अन्तर्राज्जीय वाहन चोर गिरोह के खिलाफ बडी कार्यवाही

## कार्यवाही में जयपुर शहर से चोरी हुये हुन्डई कम्पनी की तीन क्रेटा कार बरामद

## एक दर्जन से अधिक वाहन चोरी की वारदातों का खुलासा,नये रजिस्ट्रेशन नम्बर से चल रहे थे वाहन

चमकता राजस्थान

**जयपुर (खलील कुरैशी)** दिनांक 14.09.2024- पुलिस आयुक्त बीजू जॉर्ज जोसफ के मार्ग दर्शन में जयपुर शहर में वाहन चोरी व अन्य चोरी की बढती वारदातों के मध्य नजर रखते हुये अतिरिक्त पुलिस आयुक्त कैलाश चन्द विश्नोई के निर्देशन में कार्यवाही करने हेतु पुलिस उपायुक्त पश्चिम जयपुर अमित कुमार के निकटतम सुपरविजन में नीरज पाठक अति. पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम व आलोक गौतम सहायक पुलिस आयुक्त वैशाली नगर जयपुर के निर्देशन में पुलिस थाना वैशाली नगर जयपुर पश्चिम के थानाधिकारी रविन्द्र सिंह नरूका पुलिस निरीक्षक के नेतृत्व में टीम गठीत की गई। जिस पर गठीत टीम द्वारा वाहन चोरो के विरूद्ध आसुचना संकलित कर प्राप्त सूचनाओ पर पुलिस थाना वैशाली नगर जयपुर पश्चिम पर दिनांक 27.05.2024 को एक ही रात्री में चोरी हुये दो क्रेटा कार तथा पुर्व में अप्रेल में भी जवाहर नगर इलाके से क्रेटा कार चोरी हुई थी इस प्रकार सिलसिलेवार हो रही वाहनो की चोरी के मध्य नजर टीम द्वारा कार्यवाही करते हुये तकनीकी साक्ष्यो एंव आसूचना के आधार पर अन्तर्राज्जीय वाहन चोर अकील अहमद पुत्र अजीज अहमद जाति मेव मुसलमान उम्र 43 साल निवासी रानीका थाना नुह जिला मुंह हरियाणा पुलिस थाना वैशाली नगर जयपुर के प्रकरण संख्या 206/2024 धारा 379 भा.द.सं. में गिरफ्तार किया गया। दौराने पुछताछ आरोपी द्वारा अपने गिरोह के अन्य सदस्यों के साथ राजस्थान हरियाणा पंजाब दिल्ली में वाहन चोरी की एक दर्जन से अधिक वारदातें करना स्वीकार किया। वाहनो की रिकवरी के लिये अलग अलग राज्यों में टीमो द्वारा कार्यवाही करते हुये जम्मू कश्मीर, मध्य प्रदेश व हरियाणा से तीन हुन्डई क्रेटा कार बरामद की जा चुकी है। टीम द्वारा गिरोह के अन्य सदस्यो की गिरफ्तारी व वाहनो की बरामदगी के भी प्रयास जारी है।



### अन्तर्राज्जीय गिरोह के सदस्यो द्वारा वर्ष 2024 में की गई वारदातों का विवरण

(1). अप्रेल माह 2024 में एक क्रेटा कार जवाहर नगर थाना क्षेत्र से चोरी करना(2). मई माह 2024 में एक क्रेटा कार वैशाली नगर थाना क्षेत्र से चोरी करना(3). मई माह 2024 में एक क्रेटा कार वैशाली नगर थाना क्षेत्र से चोरी करना(4). मई माह 2024 एक क्रेटा कार अरावली विहार जिला अलवर थाना क्षेत्र से चोरी करना(5). अप्रेल माह 2024 एक क्रेटा कार दिल्ली से चोरी करना(6). अप्रेल माह 2024 एक आई-20 कार दिल्ली से चोरी करना(7). अप्रेल माह 2024 एक क्रेटा कार पानीपत हरियाणा से चोरी करना(8).वर्ष 2024 एक कार क्रेटा कार कोटा शहर से चोरी करना(9). वर्ष 2024 एक कार क्रेटा कार कोटा से चोरी करना(10). अगस्त माह 2024 एक क्रेटा कार बांरा शहर से चोरी करना(11).वर्ष 2024 में पंजाब से एक क्रेटा कार चोरी करना(12)- वर्ष 2024 में पंजाब से एक क्रेटा कार चोरी करना

# अजमेर में होगा 100 साल पुराने ड्रेनेज सिस्टम पर काम —बनेगी जल निकासी की ठोस योजना : देवनानी

## फॉयसागर पर जिला स्तरीय जल महोत्सव –जल का पूजन, संरक्षण, संवर्द्धन एवं सदुपयोग

- **प्राकृतिक खेती से बढ़ेगी किसानों की आमदनी, जल का संचय सीखें हम- चौधरी**

चमकता राजस्थान

**जयपुर, (खलील कुरैशी) 14 सितम्बर।** राज्य सरकार की पहल पर अच्छी वर्षा के बाद ईश्वर व इन्द्र देव के आभार के साथ पहली बार जल महोत्सव मनाया गया। अजमेर जिले की फॉयसागर झील पर आयोजित जिला स्तरीय महोत्सव में जल की पूजा एवं आरती की गई। मंत्रोच्चारण एवं हरि नाम संकीर्तन के साथ आध्यात्मिक माहौल में हजारों लोग झील पर जुटे एवं ईश्वर का आभार जतायाकार्यक्रम को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए विधानसभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी ने कहा कि राज्य सरकार की यह पहल प्रशंसनीय है। जलझूलनी एकादशी का पौराणिक महत्व है। भगवान श्री विष्णु से जुड़ी यह तिथि हमें जल का महत्व समझाती है। इस साल प्रदेश में बहुत अच्छी वर्षा हुई है। बीसलपुर, आनासागर, फॉयसागर, पुष्कर एवं चौरासियावास सहित 83 प्रतिशत बांध भर गए हैं। हमें जल के संरक्षण, संवर्द्धन एवं सदुपयोग के प्रति जागरूक होना है। पहले की बजाए अब जागरूकता बढ़ी है। देवनानी ने कहा कि इस साल अजमेर में अत्यधिक बारिश हुई है। कई क्षेत्रों में जलभराव हुआ है। लोगों को परेशानी भी हुई। लगातार प्रयासों से पानी उतर गया है। लेकिन भविष्य को देखते हुए ड्रेनेज के लए एक दीर्घकालिक योजना पर जल्द काम शुरू होगा। अजमेर में वर्ष 1936 से पहले सैकड़ों सालों से मौजूद रही ड्रेनेज व्यवस्था को पुनजीर्वित करने की योजना पर काम किया जाएगा। इसके लिए एक्सपर्ट और सोसायटी के व्यूज भी लिए जाएंगे। आगामी सालों में जलभराव ना हो इसकी पुख्ता व्यवस्था की जाएगी। देवनानी ने कहा कि हम अजमेर में जलापूर्ति के लिए बीसलपुर बांध पर निर्भरता को भी कम करने का प्रयास कर रहे हैं। फॉयसागर से पानी लिया जा रहा है। शहर से मीठे पानी के जलस्त्रोतों को जोड़कर फिल्टर प्लांट तक पानी पहुंचाने की दिशा में भी काम होगा। इसी तरह राज्य की बजट घोषणाओं में पेयजल के लिए हुई घोषणाएं भी शहर की जलापूर्ति के लिए वरदान बनेंगी।केन्द्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने कहा कि ''जल ही कल है और जल ही जीवन है'' इस मूल मंत्र को जीवन में अपनाना होगा। भारतीय संस्कृति में सदैव से जल के पूजन की परम्परा ही है। हमें जल व प्रकृति के संरक्षण के लिए गंभीरता से प्रयास करने होंगे। भौतिकता के पीछे दौड़ में हम प्रकृति के साथ छेड़छाड़ को बंद करें।राज्यमंत्री चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का तीसरा कार्यकाल किसानों को समर्पित है। किसान सम्मान निधि में वृद्धि की गई है। किसानों के हित में कई निर्णय लिए गए है। किसानों के हित में कई निर्णय लिए गए हैं। न्यूनतम समर्थन मूल्य को बढ़ाया गया है। किसानों को अब प्राकृतिक खेती को अपनाना चाहिए। यूरिया व उर्वरकों के उपयोग के बजाए प्राकृतिक खाद से खेती करेंगे तो किसानों की आमदनी बढ़ेगी। उनके परिवार व पशुओं को भी फायदा होगा। इस साल जिले में अच्छी बारिश हुई है। किसानों को इसका फायदा मिलेगा। आनासागर झील की भराव क्षमता को बढ़ाया जाना चाहिए।



### प्रदेश में दौड़ी शौक की लहर

# अलवर रामगढ़ से कांग्रेस विधायक ज़ुबेर खान का 62 वर्ष की उम्र में निधन

## रामगढ़ से चार बार विधायक रहे, वहीं नम आंखों से किया गया सुपुर्द-ए-खाक

**नमाज़ ए जनाजा में बड़ी संख्या में लोगों ने करी शिरकत**

चमकता राजस्थान

जयपुर /अलवर! ( खलील कुरैशी)अलवर रामगढ़ विधानसभा से कांग्रेस विधायक और कांग्रेस पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय सचिव तथा कद्दावर और निष्ठावान कांग्रेसी नेता और मेवात परिक्षेत्र की आवाज एवं शान रहे विधायक जुबेर खान का शनिवार सुबह अलवर में निधन हो गया। वह 62 वर्ष के थे और कुछ दिनों से बीमार थे। डेढ़ साल पहले उनका लीवर ट्रांसप्लांट भी हुआ था। शनिवार शाम असर की नमाज के बाद उनके जनाजे को रामगढ़ के कब्रिस्तान में मरहूम जुबेर खान को सुपुर्द ए खाक किया गया इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने नमाज ए जनाजे में शिरकत कर , खिराज ए अकीदत पेश कर नम आंखों से सुपुर्द ए खाक ।इस मौके पर सोनिया गांधी,राहुल गांधी, इमरान प्रतापगढ़ी, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत एवं वसुंधरा राजे सिंधिया ने संवेदना व्यक्त की। उनके निधन पर रामगढ़ कस्बे के बाजार बंद रहे। मुख्य बाजार से निकले जनाजे को दिगम्बर जैन मंदिर के बाहर अध्यक्ष प्रदीप मित्तल के नेतृत्व में पुष्पांजलि दी। ये नेता मौजूद रहे : वन राज्य मंत्री संजय शर्मा, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, पूर्व केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह, सांसद संजना जाटव, वैभव गहलोत, जिला प्रमुख बलबीर छिल्लर, विधायक मांगलाल मीणा, कांति मीणा व दीपचंद खैरिया, पूर्व केबिनेट मंत्री शकुंतला रावत, रघु शर्मा, अश्क अली टाक, डीसीसी अध्यक्ष योगेश मिश्रा, जय आहूजा, दीनबंधु शर्मा, पूर्व विधायक कृष्णमुरारी गंगावत, प्रदेश सचिव बलराम यादव, विधायक ललित यादव, पूर्व विधायक बनवारी लाल सिंघल, संदीप यादव, आफताब हुसैन,विधायक यूनुस खान सहित अनेक राजनीतिक जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों रामगढ की जनता-जनार्दन, स्थानीय लोगों मेव समाज के प्रतिनिधियों सहित परिजनों स्थानीय मेव समाज आदि ने भाग लिया।





### पिछले दिनों से चल बीमार थे, घर पर ही आईसीयू बनाकर दिया जा रहा था उपचार

» जुबेर खान डेढ़ साल से बीमार थे। एक साल पहले उनका लीवर ट्रांसप्लांट हुआ था। लोकसभा के चुनाव में अधिक भाग–दौड़ से तकलीफ बढ़ती गई। जिसेक बाद वह लगातार बीमार चल रहे थे। कई बार आईसीयू में भर्ती करना पड़ा। करीब 15 दिन पहले गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में भर्ती किया गया। जहां डॉक्टरों ने जवाब दे दिया। परिवारजन जयपुर में इलाज कराते रहे। अलवर में ढाई पैडी स्थित फार्म हाउस पर उनके लिए प्राइवेट आईसीयू तैयार करवाया गया। पिछले तीन दिन से वह यहीं थे। शनिवार सुबह उनकी पत्नी सफिया खान ने सुबह 5.50 बजे उनका इंतकाल होने की सूचना दी।

### अब 7 सीट पर होंगे उप चुनाव:

» राजस्थान में बीते करीब डेढ़ महीने में दो विधायकों का निधन हुआ है। शनिवार को रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस विधायक जुबेर खान और उनसे पहले 8 अगस्त को सलूंबर से भाजपा विधायक अमृतलाल मीणा की मृत्यु हो चुकी है। इसके चलते मौजूदा विधानसभा में कुल 7 सीट खाली हैं। इनमें 5 सीटें लोकसभा चुनाव में विधायकों के सांसद चुने जाने के कारण खाली हुई थीं। इन सभी पर उपचुनाव होंगे। विधानसभा के नए भवन के बनने के बाद यह संयोग चला आ रहा है कि कभी एक साथ 200 विधायक सदन में नहीं रहे। किसी न किसी वजह से विधायकों की संख्या बदलती रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### राजस्थान पुलिस को मिला राष्ट्रीय स्तर का अवार्ड

- कम्युनिटी पुलिसिंग में बेहतर कार्यों के लिए राजस्थान पुलिस को मिली बड़ी उपलब्धि
- ागामी 16 अक्टूबर को नई दिल्ली में आयोजित गाला नाइट में आईपीएस पंकज चौधरी हासिल करेंगे यह पुरस्कार




**चमकता राजस्थान। जयपुर !(खलील कुरैशी) 14 सितंबर।** राजस्थान पुलिस ने एक और बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए राष्ट्रीय स्तर का अवार्ड हासिल किया है। कम्युनिटी पुलिसिंग में नवाचार एवं बेहतर कार्यों के लिए डूइंग गुड फॉर भारत अवार्ड 2024 में राजस्थान पुलिस का विजेता के रूप में चयन हुआ है। आगामी 16 से 18 अक्टूबर को नई दिल्ली के होटल पुलमैन में आयोजित गाला नाइट के दौरान यह पुरस्कार कम्युनिटी पुलिसिंग के एसपी पंकज चौधरी प्राप्त करेंगे।एसपी चौधरी ने बताया कि डूइंग गुड फॉर भारत अवार्ड 2024 की श्रेणी ₹जी₹ में यह अवार्ड शासन और सार्वजनिक सेवाओं के माध्यम से अच्छा कार्य करने के फलस्वरूप राजस्थान पुलिस को हासिल हुआ है। 16 अक्टूबर को नई दिल्ली के होटल पुलमैन में आयोजित सीएसआरबॉक्स वार्षिक गाला नाइट और पुरस्कार समारोह में वे यह सम्मान ग्रहण करेंगे। उल्लेखनीय है कि यह समारोह 16 से 18 अक्टूबर, 2024 तक आयोजित किया गया है। यह समारोह सीएसआर और ईएसजी शिखर सम्मेलन 2024 का 11वां संस्करण होगा जिसमें कॉर्पोरेट लीडर, गैर सरकारी संगठन, सोशल इन्नोवेटर्स और सरकारी एजेंसियों सहित विभिन्न क्षेत्रों के 2300 से अधिक प्रतिनिधि भाग लेंगे।

**● राजस्थान में कम्युनिटी पुलिसिंग एक नजर**

» – सामुदायिक संपर्क समूह (सीएलजी)– ग्राम रक्षक
» – स्टूडेंट पुलिस कैडेट योजना
» – पुलिस मित्र – महिला शक्ति आत्मरक्षा प्रशिक्षण केंद्र
» – पुलिस जन सहभागिता कार्यक्रम – स्टूडेंट पुलिस एक्सपेरिएंटीएल लर्निंग प्रोग्राम – स्वागत कक्ष
» – आदर्श पुलिस थाना

### पूर्व गृहमंत्री कमाल का बेटा ज्योति गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश के पूर्व गृहमंत्री असदुज्जमां खान कमाल के बेटे सफी मुद्दस्सिर खान ज्योति को शुक्रवार देररात को ढाका के उत्तरा इलाके से गिरफ्तार किया गया। उनकी गिरफ्तारी आशुलिया थाने में दर्ज एक मामले में की गई है। देश के प्रमुख अखबार ढाका ट्रिब्यून की खबर के अनुसार, ढाका जिला पुलिस अधीक्षक अहमद मुईद ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि कमाल के बेटे ज्योति को रात साढ़े तीन बजे गिरफ्तार किया गया। उसे आज ही अदालत में पेश किया जाएगा।

### गोताखोरों ने 24 घंटे में शव किया बरामद

**जालौन।** बीते दिन जालौन कोतवाली क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति अपनी भैंस चराने गया हुआ था। तभी नाले को पार करते वक्त उसका पैर फिसलने से उसके तेज बहाव में डूब गया। आसपास मौजूद लोगों ने उसे बचाने का प्रयास किया लेकिन तेज बहाव के चलते अधेड़ व्यक्ति को बचाया नहीं जा सका। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से युवक की तलाश शुरू कराई। जानकारी के मुताबिक जालौन कोतवाली क्षेत्र के परवई गांव के निवासी रूप सिंह दोहरे (48) शुक्रवार को भैंस चराने के लिए खेतों की तरफ गए थे।

### भतीजे ने गोली मारकर की थी चाचा की हत्या

**मेरठ।** रोहटा थाना क्षेत्र के रसूलपुर मढ़ी गांव में हुए विनीत हत्याकांत का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। मृतक के नाबालिग भतीजे ने ही अपने चाचा की हत्या की थी। पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। रोहटा थाना क्षेत्र के रसूलपुर मढ़ी गांव में खेत में युवक का शव का पड़ा मिला था। तीन दिन के अंदर ही पुलिस ने हत्याकांड का खुलासा करते हुए आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। एसपी राकेश कुमार मिश्रा के अनुसार, मृतक विनीत के बड़े भाई की पत्नी के गांव के कई लोगों से अवैध संबंध थे।

# हिन्दी से निर्धारित होती है हमारी पहचान: संजीव शर्मा

- सरलता के नाम पर किसी भाषा की संस्कृति से छेड़छाड़ करना ठीक नहीं

**मेरठ। एजेंसी**



चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के राजनीति शास्त्र के प्रो. संजीव शर्मा ने कहा कि भाषा अपनी संस्कृति, आचरण और व्यवहार को लेकर चलती है। सरलता के नाम पर किसी भाषा की संस्कृति से छेड़छाड़ करना ठीक नहीं है। मातृभाषा के नाम पर हिंदी के साथ स्वच्छंदता पूर्ण व्यवहार करते हैं। हमें हिंदी की शुद्धता के प्रति सचेत होना चाहिए। प्राचीन भारत में भाषाओं का संघर्ष नहीं रहा। यूरोप की संकल्पना भाषाई संघर्ष पर आधारित है किंतु भारत की नहीं। सामान्य जीवन में हमें अपने हस्ताक्षर हिंदी में ही करने चाहिए, इससे हमारी पहचान निर्धारित होती है और हिंदी को मातृभाषा के रूप में गौरव मिलता है। हिन्दी दिवस पर शनिवार को चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय हिन्दी एवं आधुनिक भाषा विभाग में राजभाषा हिंदीः तकनीक और अनुवाद विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि प्रो. कुमुद शर्मा ने कहा कि भाषा की कोठरियां नहीं हुआ करतीं। आजादी से पहले सभी स्वतंत्रता सेनानियों ने हिंदी को एकमत से अपनाया, लेकिन राजभाषा बनते समय यह मुद्दा विरोध का मुद्दा बना और भाषा के राजभाषा, संपर्क भाषा, राष्ट्रभाषा आदि कई रूप बने। इसी विरोध का नतीजा यह रहा कि 15 साल का हिंदी प्रशिक्षण समय हिंदी को दिया गया। वही हिंदी के लिए सबसे बड़ी अड़चन बना। बाद में हिंदी भाषी भी हिंदी को पहचान न सके। हिंदी की शक्ति और सामर्थ्य से मीडिया दौड़ा है। तकनीक के आने से हिंदी में रोजगार के नए क्षेत्र सृजित हुए हैं।

प्रदेश के राज्य सूचना आयुक्त राजेंद्र सिंह ने कहा कि मानव सभ्यता के विकास का मुख्य आधार भाषा रही है।

## ठगी करने वाले चीनी नागरिक के कॉल सेंटर पर छापा, 50 गिरफ्तार



**काठमांडू। एजेंसी**

नेपाल पुलिस के केंद्रीय अनुसंधान ब्यूरो (सीआईबी) ने डेटिंग ऐप के जरिए ठगी का धंधा चलाने वाले दो चीनी नागरिकों के कॉल सेंटर पर छापेमारी कर 40 लड़कियों को गिरफ्तार किया। इनसे पूछताछ के बाद काठमांडू के विभिन्न स्थानों से दो चीनी नागरिकों समेत 10 लोगों को गिरफ्तार किया गया। इस मामले में अब तक कुल 50 लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। ठगी करने के लिए चीनी नागरिकों ने क्रिप्टो करेंसी को माध्यम बनाया था। कॉल सेंटर चलाने के लिए काठमांडू में एक तीन मंजिला पूरा घर ही किराए पर लिया गया था। सीआईबी के प्रवक्ता एवं एसपी हविंद्र बोगटी ने शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि बीते बुधवार को काठमांडू के एकता बस्ती के एक मकान में अवैध गतिविधियों की सूचना पर छापेमारी की गई थी।

नेपाल में पहले ही पुलिस की निगरानी में रहे दो चीनी नागरिकों के द्वारा मकान किराए पर लेकर वहां से कॉल सेंटर संचालित किए जाने की जानकारी मिली थी। बुधवार रातभर छापेमारी की गयी और अगले तीन दिनों में पुलिस ने पूरे मामला का खुलासा किया। जिन दो चीनी नागरिकों के द्वारा यह कॉल सेंटर संचालित किया जा रहा था वे पहले से ही नेपाल में अवैध गतिविधियों में संलिप्त रहे हैं।

### नक्सलियों ने सुरक्षाबल कैंप पर अंडर बैरल ग्रेनेड लॉन्चर से किया हमला

**सुकमा/रायपुर।** बस्तर संभाग के नक्सल प्रभावित सुकमा जिले में नक्सलियों ने शुक्रवार देर शाम जगरगुंडा थाना क्षेत्र स्थित पुवर्ती गांव में सुरक्षाबलों के कैंप पर अंडर बैरल ग्रेनेड लॉन्चर से हमला किया। सतर्क जवानों ने तुरंत मोर्चा संभाला और जवाबी कार्रवाई की। कुछ घंटे चली मुठभेड़ के बाद नक्सली भाग निकले। मुठभेड़ में किसी के हताहत होने की जानकारी नहीं है। पुवर्ती खूंखार नक्सली हिडमा का गांव है। सुकमा के पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण ने शनिवार सुबह घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि नक्सलियों ने जगरगुंडा थाना क्षेत्र स्थित पुवर्ती गांव में बीती देर शाम कैंप पर हमला किया। नक्सलियों ने अंडर बैरल ग्रेनेड लॉन्चर से 15 से 20 गोले दागे। हमले में 15-20 नक्सलियों का समूह शामिल था। नक्सली हमले के बाद जवानों ने मोर्चा संभाला। सुरक्षा बलों ने तुरंत प्रतिक्रिया देते हुए जवाबी फायरिंग की। कुछ घंटे चली मुठभेड़ में जवानों को भारी पड़ते देख नक्सली जंगल और अंधेरे का फायदा उठा कर भाग निकले। हमले में सभी जवान सुरक्षित हैं। घटनास्थल से भारी संख्या में हथियार बरामद हुए हैं।

## खाई में गिरी कार, चालक समेत तीन की मौत, दो घायल

**अल्मोड़ा। एजेंसी**



अल्मोड़ा में भारी बारिश के बीच एक दर्दनाक घटना सामने आई है। लमगड़ा तहसील के सांगड़ मोटर मार्ग पर हल्द्वानी से पिथौरागढ़ जा रही अल्टो कार अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी। हादसे में चालक सहित तीन लोगों की मौत हो गई। जबकि दो घायल हो गए। आपदा प्रबंधन टीम और पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से रेस्क्यू कर सभी को बाहर निकाला और घायलों को एम्बुलेंस के माध्यम से बेस अस्पताल पहुंचाया। आपदा प्रबंधन कार्यालय अल्मोड़ा के अनुसार यूके 05 टीए 4577 नंबर की अल्टो कार में पांच लोग सवार थे। सभी हल्द्वानी से पिथौरागढ़ जा रह थे। रास्ते में लमगड़ा तहसील के सांगड़ मोटर मार्ग पर कार अनियंत्रित होने से हादसा हो गया। देर रात हुए कार हादसे में कार सवार रजनी पुत्री रविंद्र कुमार निवासी बीसा बजेठा पिथौरागढ़ व सुनीता देवी पत्नी रविंद्र कुमार निवासी कुमौड़ा पिथौरागढ़ की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं गंभीर रूप से घायल वाहन चालक प्रेम कुमार निवासी बीसा बजेठा को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लमगड़ा पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के उपरांत मृत घोषित कर दिया। जबकि अन्य घायलों में आशीष कुमार पुत्र रविंद्र कुमार व आरूष कुमार का बेस चिकित्सालय अल्मोड़ा में उपचार चल रहा है। पुलिस ने परिजनों को घटना की जानकारी देने के साथ मृतकों का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### पोप फ्रांसिस ने ट्रम्प और हैरिस को बताया 'जीवन के खिलाफ'

## कैथोलिकों से छोटी बुराई को चुनने का आह्वान

**वाशिंगटन। एजेंसी**



- अमेरिकी कैथोलिक मतदाताओं को 'कम शैतानी उम्मीदवार' को चुनना पड़ेगा

ईसाईयों के सर्वोच्च धर्मगुरु पोप फ्रांसिस ने अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव पर बड़ी टिप्पणी की है। उन्होंने नाम लिए बिना कहा कि दोनों ही उम्मीदवार 'जीवन के खिलाफ' हैं। एक (डोनाल्ड ट्र्म्प) अप्रवासियों के प्रति क्रूरता करता है तो दूसरा (कमला हैरिस) गर्भपात अधिकारों का समर्थक है। ऐसे में अमेरिकी कैथोलिक मतदाताओं को 'कम शैतानी उम्मीदवार' को चुनना पड़ेगा।

अमेरिका के प्रमुख समाचार पत्र द न्यूयॉर्क टाइम्स की खबर के अनुसार, 87 वर्षीय पोप फ्रांसिस ने यह अहम टिप्पणी दक्षिण पूर्व एशिया और ओशिनिया की लंबी यात्रा के बाद रोम लौटते समय विमान में संवाददाताओं से बातचीत में यह बात कही। पोप फ्रांसिस एशिया-प्रशांत क्षेत्र के 11 दिवसीय लंबे दौरे पर थे। इस यात्रा में जकार्ता, पूर्वी तिमोर और सिंगापुर के पड़ाव शामिल रहे। विमान में बातचीत के दौरान एक संवाददाता ने उनसे सवाल किया गया कि क्या गर्भपात के अधिकार का समर्थन करने वाले किसी व्यक्ति को वोट देना नैतिक रूप से स्वीकार्य होगा? इस पर फ्रांसिस ने कहा कि हर किसी को वोट देना चाहिए। मतदाता को कम बुरे को चुनना होगा। कौन सा कम बुरा है? वह महिला या वह सज्जन मुझे नहीं पता। प्रत्येक व्यक्ति को अपने विवेक के अनुसार सोचना और निर्णय लेना चाहिए। पोप फ्रांसिस ने संवाददाता सम्मेलन में मतदाताओं को दी गई सलाह में किसी भी उम्मीदवार का नाम नहीं सुझाया। उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में कैथोलिक मतदाताओं को दो बुराइयों में से जो कम हो, उसे चुनने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रवासियों को जीवन नहीं जीने देना क्रूरता है और बच्चे की मां के गर्भ में हत्या भी क्रूरता है।

पोप फ्रांसिस से गाजा की स्थिति के बारे में भी पूछा गया। उन्होंने कहा, " जब आप मारे गए बच्चों के शव देखते हैं। जब आप सुनते हैं कि स्कूलों पर बमबारी की गई। यह सुनना भयानक होता है। कभी-कभी यह कहा जाता है कि यह एक रक्षात्मक युद्ध है। मैं मानता हूं कि यह मात्र युद्ध है। मैं यह कहने के लिए माफी चाहता हूं कि मुझे शांति की दिशा में कोई कदम बढ़ता नहीं दिख रहा है।"

### सपा अध्यक्ष ने पुस्तक कर्ण का विमोचन करते हुए साहित्यकारों को किया सम्मानित

## हिन्दी को बढ़ाने और संरक्षण के काम को और आगे बढ़ायेगी सपाः अखिलेश

**लखनऊ। एजेंसी**



दुर्योधन को भी यह पता था कि कर्ण अगर हमारे साथ है तो महाभारत जीती जा सकती है। कर्ण नहीं है हमारे साथ तो दूसरे पक्ष का मुकाबला नहीं कर पाएंगे। यह बातें समाजवादी पार्टी (सपा)के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शनिवार को हिन्दी दिवस के अवसर पर आयोजित पुस्तक विमोचन 'कर्ण' का विमोचन करते हुए कही। उन्होंने इस दौरान साहित्यकारों को सम्मानित किया। उन्होंने प्रदेश और देशवासियों समेत उपस्थित पत्रकारों को हिंदी दिवस की शुभकामनाएं दी।

अखिलेश यादव ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि आज उदयप्रताप सिंह को बधाई व धन्यवाद देता हूं, जिन्होंने आज हिन्दी दिवस पर पुस्तक विमोचन कार्यक्रम और साहित्यकारों से मिलने का मौका दिया। इस दौरान उन्होंने विशेष तौर पर अब्दुल्ला बिस्मिल्ला को बधाई देता हूं। उनको सुनने के बाद उपस्थित लोगों के चेहरे पर बहुत दिनों बात उनको सुनकर जो खुशी थी उसके लिए उन्हें बधाई देता हूं। जब कभी कोई बड़ा कार्यक्रम हुआ तो उन्हें (अब्दुल्ला बिस्मिल्ला) को जरूर हम न्योता देंगे।

सपा अध्यक्ष ने कहा कि आज हिंदी को जिस रूप में बढ़ाया जाना चाहिए था नहीं हुआ। आजादी के समय में भी हिंदी की बड़ी भूमिका रही है। भाषाओं का भी सम्मान किया जाना चाहिए। मैं भरोसा दिलाता हूं कि जिस तरह से राम मनोहर लोहिया जी, नेताजी ने हिंदी को बढ़ाने और संरक्षण के लिए जो काम किए हैं, उस काम को आगे बढ़ाएंगे। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल ने किया।

इस मौके पर वीरेंद्र यादव, प्रमोद यादव समेत वरिष्ठजनों के साथ पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे। अखिलेश यादव ने कहा कि 370 के हटने के बाद पहली बार जम्मू कश्मीर में चुनाव हो रहा है। इसलिए अबकी बार समाजवादी पार्टी ने भी वहां पर चुनाव लड़ने का फैसला किया। इस विधानसभा चुनाव में पार्टी पूरी मजबूती से चुनाव लड़ेगी। पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए बसपा से गठबंधन टूटने को लेकर अखिलेश यादव ने फिर सफाई दी।

### डॉ यादव ने कांग्रेस पर निशाना साधा, कहा

## अधिकारी-कर्मचारियों का अपमान उचित नहीं

**भोपाल। एजेंसी**



मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कांग्रेस के इस आरोप पर सख्त आपत्ति जताई है कि प्रदेश में अफसरों की पोस्टिंग में भ्रष्टाचार हो रहा है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने किसान अधिकार यात्रा के दौरान कहा था कि अफसर पैसे देकर मनचाही पोस्टिंग लेते हैं और फिर भ्रष्टाचार करते हैं। नर्मदापुरम में दिए गए कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के बयान पर मुख्यमंत्री डॉ यादव ने जमकर घेरा हैं। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने शनिवार को कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि रस्सी जल गई लेकिन बल नहीं गया, पिछले 20 सालों से कांग्रेस प्रदेश में सत्ता से बाहर है। बीच में कुछ समय मिला लेकिन सरकार चला नही पाएं और अब भी जिस तरीके से कर्मचारी और अधिकारियों के लिए कांग्रेस अध्यक्ष ने जो भाषा नर्मदापुरम में बोली वह समूचे कर्मचारियों और अधिकारियों का अपमान है, इसके लिए उन्हें माफी मांगना चाहिए। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में किसी के भी द्वारा अधिकारी-कर्मचारियों का अपमान उचित नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा राज्य सरकार के अधिकारी-कर्मचारी निष्ठा और शिद्दत से कार्य कर रहे हैं। सरकार सभी वर्गों की बेहतरी के लिए सभी को साथ लेकर चल रही है। डॉ यादव ने कहा राज्य सरकार सभी अधिकारी-कर्मचारियों के साथ खड़ी है।

### होमस्टे में कमरा लेकर ठहरे युवक-युवती से पकड़ा चिट्टा, गिरफ्तार

**शिमला।** राजधानी शिमला में ड्रग पैडलरों व चिट्टा माफिया के खिलाफ पुलिस का अभियान सख्ती से जारी है। इस कड़ी में पुलिस ने युवक-युवती को गिरफ्तार कर इनके कब्जे से 4.870 ग्राम चिट्टा बरामद किया है। दोनों आरोपी होमस्टे में कमरा लेकर चिट्टे की तस्करी को अंजाम दे रहे थे। पुलिस के हत्थे चढ़े युवक-युवती शिमला जिला के रोहडू उपमंडल के मूल निवासी हैं। वे स्थानीय युवकों को चिट्टा बेचते थे। दोनों पुलिस के राडार में थे और इन्हें पकड़ने के लिए जाल बिछाया गया। ढली थाना के अंतर्गत पुलिस ने लंबिधार स्थित एक होम स्टे में दबिश दी। होमस्टे के रूम नम्बर-102 में रोहडू निवासी रँकज (31) और अदिति (26) को 4.870 ग्राम चिट्टा के साथ धर दबोचा। पुलिस अब यह पता लगा रही है कि ये आरोपी चिट्टा कहां से लाते थे। एसपी शिमला संजीव गांधी ने शनिवार को बताया कि दोनों आरोपितों के विरुद्ध ढली थाने में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। बता दें कि शक्रवार देर शाम पुलिस ने अप्पर शिमला के कोटखाई में एक किराए के मकान में दबिश देकर चिट्टे के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया था।

**कार्यक्रम** › हिन्दी दिवस के अवसर पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन

# हिन्दी भाषा से सरल कोई भाषा नहीं: डॉ. रमेश प्रताप

- देश की स्वतंत्रता में हिन्दी साहित्यकारों का काफी योगदान रहा
- साहित्यकारों की कालजयी ताकत भी रही, जिससे देश स्वतंत्र हो गया

**लखनऊ। एजेंसी**



उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान ने हिन्दी दिवस के अवसर पर शनिवार को एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन हिन्दी भवन के निराला सभागार में किया। दीप प्रज्वलन, मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण, पुष्पार्पण के उपरान्त वाणी वंदना सर्वजीत सिंह ने प्रस्तुत की। हिन्दी संस्थान के निदेशक आरपी सिंह ने स्मृति चिह्न भेंट कर अतिथि डॉ. रामकठिन सिंह, डॉ. श्रुति, डॉ. रमेश प्रताप सिंह का स्वागत किया गया। इस अवसर पर डॉ. रमेश प्रताप सिंह ने कहा कि हिन्दी भाषा में विस्तार की सम्भावनाएं है। हिन्दी सभी भाषाओं की समुच्चय है। भाषा अभिव्यक्ति का साधन होती है। आज की हिन्दी राजभाषा तक सीमित नहीं है। हिन्दी भाषा से सरल कोई भाषा नहीं है। हिन्दी पहले भी समृद्ध थी और आज की हिन्दी में विरासत के तत्व विद्यमान हैं। हिन्दी राष्ट्रभाषा नहीं बन सकी, उसमें हिन्दी ही नहीं बल्कि दृढ़ इच्छाशक्ति की कमी है। हिन्दी हमारी भावना, संवेदना और संस्कृति है। क्षेत्रीय, प्रान्तीय भाषा कन्नड़, नेपाली, हिन्दी को विकसित होने में बाधा डालती है। केशवचन्द्र सेन से हिन्दी को राष्ट्रीय स्तर पर एक पहचान बनाने में बड़ी भूमिका निभायी थी। हिन्दी भाषा कभी कमजोर स्थिति में नहीं रही। देश की स्वतंत्रता में हिन्दी साहित्यकारों का काफी योगदान रहा। साहित्यकारों की कालजयी ताकत भी रही, जिससे देश स्वतंत्र हो गया।

डॉ. श्रुति, ने कहा कि आज हिन्दी भाषा के सम्मुख कई चुनौतियां है। हिन्दी में बोलने की अभूतपूर्व क्षमता है। भारत बहुभाषी-विविध संस्कृतियों का देश है। भाषायी संस्कृति को एक सूत्र में बांधने की क्षमता हिन्दी को ही है। हिन्दी केवल एक भाषा ही नहीं, भारत की संस्कृति है।

हिन्दी भारत माता के माथे की बिन्दी है। महात्मा गांधी ने एकभाषिता पर काफी बल दिया। हिन्दी में अन्य भाषाओं को समाहित करने की क्षमता है। हिन्दी का शब्द भण्डार निरन्तर बढ़ता जा रहा है। हिन्दी में संप्रेषणीयता की अद्भुत क्षमता है। संचार माध्यम व फिल्मों ने भी हिन्दी को बढ़ावा दिया। अलग-अलग भाषाओं के शब्द को हिन्दी अपने में समाहित करती चली जा रही है। हिन्दी को आगे बढ़ाने में आत्मविश्वास की आवश्यकता है। हमारी हिन्दी की भावना देशवासियों में प्रचार-प्रसार करने की आज आवश्यकता है।

डॉ. रामकठिन सिंह ने कहा कि हिन्दी का बढ़ावा देने में विज्ञान परिषद ने 1914 से निरन्तर प्रकाशित होने वाली पत्रिका ऌविज्ञानऌ ने अहम भूमिका निभायी। हिन्दी लेखकों में गुणाकरमुले का नाम प्रमुखता से लिया जाता है। वर्तमान में नई शिक्षा नीति ने भी हिन्दी को अग्रसर करने में प्रयासरत है। हमें अपनी मात्र भाषा में लिखने, बोलने, पढ़ने-सीखने में गर्व का अनुभव होना चाहिए।

## स्मार्टफोन से विद्यार्थी बनेंगे डिजिटल : डॉ. विनोद सिंह

**जौनपुर। एजेंसी**



वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर में लैपटॉप/स्मार्टफोन का वितरण कार्यक्रम का आयोजन कुलपति प्रो. वंदना सिंह के संरक्षकत्व में शुक्रवार रात को किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि परीक्षा नियंत्रक डॉ. विनोद कुमार सिंह थे। मुख्य अतिथि कहा कि विद्यार्थी समय का सदुपयोग करते हुए अपने लक्ष्य को प्राप्त करें। सरकार ने छात्रों और युवाओं को डिजिटल शिक्षा और सशक्तीकरण के उद्देश्य से लैपटॉप और स्मार्टफोन वितरण योजना की शुरूआत की है। इस योजना के तहत आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के छात्रों को उच्च शिक्षा में सहायता करने और डिजिटल साक्षरता बढ़ाने के लिए यह योजना सरकार द्वारा चलाई जा रही है। इस अवसर पर छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. अजय द्विवेदी ने कहा कि स्मार्टफोन छात्रों और युवाओं को न केवल शिक्षा प्राप्त करने में मदद मिलेगी, बल्कि वे डिजिटल दुनिया में भी मजबूती से कदम रख पाएंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### आईएसएल: अपने पहले मुकाबले में ईस्ट बंगाल से भिड़ेगा बेंगलुरू एफसी



**बेंगलुरु।** बेंगलुरू एफसी इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के सीजन 2024-25 में शनिवार शाम अपना पहला मैच ईस्ट बंगाल एफसी से खेलेगी। यह मुकाबला यहां श्री कांतीरवा स्टेडियम में खेला जाएगा। बेंगलुरू का मजबूत ओपनिंग मैच रिकॉर्ड है, क्योंकि टीम अब तक अपना पहला मैच केवल एक बार हारी है। उन्हें वो हार पिछले सीजन में मिली थी जब वे केरला ब्लास्टर्स एफसी से 1-2 से हारे थे। वहीं, ईस्ट बंगाल एफसी ब्लूज के खिलाफ लगातार गोल कर रही है, उसने अपने पिछले चार मुकाबलों में से प्रत्येक में गोल दागे हैं और तीन जीत हासिल की है। लेकिन यह भी तथ्य है कि रेड एंड गोल्ड ब्रिगेड अच्छी शुरूआत नहीं करती है। उसने कभी भी अपना पहला आईएसएल मैच नहीं जीता है और वो इसे बदलना चाहेगी। बेंगलुरू एफसी के हेड कोच जेरार्ड जारागोजा ने पिछले सीजन के मध्य में टीम की जिम्मेदारी संभाली थी और उनकी देखरेख में ब्लूज ने चार क्लीन शीट रखी थी, लेकिन पिछले सत्र में 10वें स्थान पर रहे थे।

### कोरबा की छात्रा अशिता यादव ने सीबीएसई क्लस्टर खेल स्पर्धा में जीता सर्वश्रेष्ठ एथलीट का पुरस्कार



**कोरबा।** जिले की डीपीएस बाल्को की कक्षा आठवीं की छात्रा अशिता यादव ने तीन दिवसीय सीबीएसई क्लस्टर खेल स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए सर्वश्रेष्ठ एथलीट का पुरस्कार जीता है। उन्होंने 100 मीटर, 200 मीटर और 4x100 मीटर रिले दौड़ स्पर्धा में स्वर्ण पदक प्राप्त किया और अपने स्कूल और जिले का नाम रोशन किया। अशिता को यह उपलब्धि उनकी मेहनत और अपने खेल शिक्षक एस.एन. शुक्ला के मार्गदर्शन में मिली है। अशिता ने पिछले दो वर्षों से जिला और राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं में कई पदक जीते हैं और पिछले वर्ष लखनऊ में आयोजित राष्ट्रीय शालेय खेल प्रतियोगिता में अंडर-15 वर्ग में प्रतिनिधित्व किया था।

### बांग्लादेश संभावित रूप से अक्टूबर में दो टेस्ट मैचों के लिए करेगा दक्षिण अफ्रीका की मेजबानी

**ढाका।** दक्षिण अफ्रीका और बांग्लादेश के बीच दो मैचों की टेस्ट सीरीज क्रमशः ढाका और चट्टोग्राम में खेले जाने की संभावना है। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के एक अधिकारी ने शुक्रवार को उक्त जानकारी दी। बीसीबी अधिकारी ने क्रिकबज से बातचीत में जोर देकर कहा कि उन्हें उम्मीद है कि श्रृंखला जो आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप का हिस्सा है, इस तथ्य के बावजूद कि देश में राजनीतिक स्थिति के कारण संदेह पैदा हो गया था, तय कार्यक्रम के अनुसार शुरू होगी।

### इंग्लैंड ने दूसरे टी-20 में ऑस्ट्रेलिया को 3 विकेट से हराया

**कार्डिफ।** अनुभवी लियाम लिविंगस्टोन के हरफनमौला प्रदर्शन की मदद से इंग्लैंड ने शुक्रवार को कार्डिफ में ऑस्ट्रेलिया को तीन विकेट से हराकर तीन मैचों की टी20 श्रृंखला में 1-1 की बराबरी कर ली है। इस मैच में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की टीम ने जेक फ्रेजर-मैकगर्क (50) के पहले अर्धशतक और जोश इंग्लिस के 26 गेंदों पर 42 रनों की तेज पारी की बदौलत 20 ओवर में 6 विकेट पर 193 रन बनाए। इन दोनों के अलावा मैथ्यू शॉर्ट ने 28 और कप्तान ट्रेविस हेड ने 31 रन बनाए। अंत में आरोन हार्डी ने 9 गेंदों में 20 रन की तेज पारी खेली। इंग्लैंड के लिए लिविंगस्टोन और ब्रीडन कार्स ने 2-2 और सैम करन, आदिल राशिद ने 1-1 विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड की टीम एक समय 79 रनों पर 3 विकेट खोकर संघर्ष कर रही थी।

# भारत ने पाक को 2-1 से हराया

- आखिरी ग्रुप चरण मैच में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को हरा दिया
- अहमद ने पाकिस्तान के लिए पहला गोल से 1-0 की बढ़त ले ली





**हुलुनबुइर। एजेंसी**

मौजूदा चैंपियन भारतीय पुरुष हॉकी टीम का एशियन चैंपियंस ट्रॉफी 2024 में शानदार प्रदर्शन जारी है। भारतीय टीम ने यहां शनिवार को अपने आखिरी ग्रुप चरण मैच में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को 2-1 से हरा दिया। मैच में भारत की ओर से कप्तान हरमनप्रीत सिंह (13वें, 19वें मिनट) ने दोनों गोल दागे जबकि पाकिस्तान की ओर से एक मात्र गोल नदीम अहमद (8वें मिनट) ने किया। भारत की यह इस टूर्नामेंट में लगातार पांचवीं जीत है। भारतीय टीम पहले ही सेमीफाइनल में पहुंच चुकी है। अब टीम सोमवार को सेमीफाइनल 2 खेलेगी। टूर्नामेंट का फाइनल 17 सितंबर को खेला जाएगा।

मैच में पाकिस्तान ने अच्छी शुरूआत करते हुए पहला गोल किया। आठवें मिनट में नदीम अहमद ने पाकिस्तान के लिए पहला गोल किया और 1-0 की बढ़त ले ली। हालांकि भारतीय टीम ने वापसी की और 13वें मिनट में कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने बराबरी का गोल किया। अंतिम मिनटों में काफी संघर्ष देखने को मिला लेकिन कोई भी टीम मौके नहीं बना सकी और पहला क्वार्टर 1-1 की बराबरी पर समाप्त हुआ। भारतीय टीम ने दूसरे क्वार्टर की शानदार शुरूआत की और 19वें मिनट में एक बार फिर कप्तान हरमनप्रीत ने गोल कर भारतीय टीम को 2-1 से आगे कर दिया। पहले हाफ तक भारतीय टीम 2-1 से आगे रही। तीसरे क्वार्टर में दोनों टीमों ने गोल करने की कोशिश की लेकिन कोई भी टीम गोल नहीं कर सकी।

पाकिस्तान ने कई पेनल्टी कॉर्नर अर्जित किए लेकिन भारतीय गोलकीपर कृष्ण पाठक ने पाकिस्तान को बराबरी का गोल करने से रोक दिया और क्वार्टर का अंत 2-1 की बढ़त के साथ किया। भारत ने अंतिम क्वार्टर की शुरूआत में लगातार दो पेनल्टी कॉर्नर अर्जित किए लेकिन पाकिस्तान के डिफेंस ने रोक दिया।

इसके बाद आखिरी क्षणों में पाकिस्तानी खिलाड़ी राना वहीद को यलो कार्ड मिला और पाकिस्तान को 10 खिलाड़ियों के साथ आखिरी 10 मिनट खेलना पड़ा। हालांकि मैच समाप्त होने के दो मिनट पहले भारत के मनप्रीत सिंह को भी यलो कार्ड मिला और इसके साथ दोनों टीमें 10-10 खिलाड़ियों की बराबरी पर आ गईं। मैच के खत्म होने से डेढ़ मिनट पहले भारतीय टीम को पेनल्टीकॉर्नर मिला लेकिन वो गोल में तब्दील नहीं हो सका।

गत चैंपियन भारतीय टीम ने टूर्नामेंट को पसंदीदा के रूप में खेला है और प्रत्येक मैच जीता है। भारत ने पहले मैच में मेजबान चीन को 3-0 से हराया, दूसरे मैच में जापान को 5-1 से हराया, तीसरे मैच में मलेशिया को 8-1 से हराया और चौथे मैच में कोरिया के खिलाफ 3-1 से जीत हासिल की। अब पाकिस्तान को 2-1 से हरा दिया। भारत सोमवार को सेमीफाइनल 2 खेलने उतरेगा।

## पुरुषों ने दर्ज की तीसरी जीत

# महिलाओं ने हरिका की हार के बाद भी जीता राउंड



**नई दिल्ली। एजेंसी**

शुक्रवार को बुडापेस्ट में शतरंज ओलंपियाड में भारतीय पुरुषों और महिलाओं ने तीसरे दौर में जीत दर्ज की। तीसरे दौर में पुरुषों ने मेजबान हंगरी-बी को 3.5-0.5 से हराया, जबकि महिलाओं ने स्विट्जरलैंड को 3-1 से हराया। की हार टूर्नामेंट में किसी भारतीय खिलाड़ी की पहली हार थी। उन्हें शीर्ष बोर्ड पर एलेक्जेंड्रा कोस्टेनीयुक ने हराया, जिन्होंने अतीत में रूस का प्रतिनिधित्व किया था। अन्य सभी भारतीय महिलाओं ने जीत हासिल की, दूसरे बोर्ड पर आर. वैशाली ने गजल हकीमीफर्ड को, तीसरे पर दिव्या देशमुख ने सोफिया ह्रीजलोवा को और चौथे पर वंतिका अग्रवाल ने मारिया मानको को हराया। ओपन वर्ग में भारत का शत-प्रतिशत रिकॉर्ड मेजबान देश की दूसरी टीम ने तोड़ा। पहले कुछ दिनों में अपने सभी आठ गेम जीतने के बाद, दूसरे वरीय भारत को आधा अंक गंवाने के लिए मजबूर होना पड़ा, क्योंकि विदित गुजराती को गैबोर पप्प ने चौथे बोर्ड पर ड्रॉ पर रोक दिया था, जिसे 170 एलो अंक से नीचे रेटिंग दी गई है। लेकिन, डी. गुकेश, आर. प्रगनानंद और अर्जुन एरिगैसी की शानदार युवा तिकड़ी की जीत हुई, जिन्होंने क्रमशः एडम कोजाक, तमस बानुस्ज और पीटर प्रोहाज्का पर जीत हासिल की।

### अंतरराष्ट्रीय फुटबॉलर तसेन बोरा का निधन

**डिब्रूगढ़ (असम)।** डिब्रूगढ़ के असम मेडिकल कॉलेज एंड अस्पताल में प्रख्यात खेल संगठक, अंतरराष्ट्रीय फुटबॉलर तसेन बोरा का शनिवार तड़के 3.36 बजे निधन हो गया। उच्च रक्तचाप संबंधी बीमारियों के कारण उन्हें सात सितंबर को असम मेडिकल कॉलेज एंड अस्पताल में भर्ती कराया गया था। बीती रात उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई, जिसके चलते आज तड़के उनका निधन हो गया। तसेन बोरा के निधन पर मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा ने शोक व्यक्त करते हुए उनके निधन को राज्य के खेल जगत के लिए एक अपूर्णीय क्षति बताया है। तसेन बोरा के पार्थिव शरीर को डिब्रूगढ़ के असम मेडिकल कॉलेज एंड अस्पताल से डिब्रूगढ़ के जालान नगर आउटडोर स्टेडियम लाया गया।

## पुरुषों की 3000 स्टीपलचेज में नौवें स्थान पर रहे अविनाश साबले



**नई दिल्ली। एजेंसी**

अविनाश साबले शनिवार को ब्रुसेल्स के किंग बौडॉइन स्टेडियम में डायमंड लीग 2024 फाइनल में 3000 मीटर पुरुषों की स्टीपलचेज में 8:17.09 के समय के साथ नौवें स्थान पर रहे। केन्या के अमोस सेरेम फिनिश लाइन (8:06.90) को पार करने वाले पहले खिलाड़ी थे, पसंदीदा मोरक्को के सौफियान एल बक्काली 8:08:60 के समय के साथ दूसरे स्थान पर रहे। ट्यूनीशिया के मोहम्मद अमीन झिनाउई 8:09.68 का समय लेकर तीसरे स्थान पर रहे। 3000 मीटर स्टीपलचेज में राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक साबले, दो बैठकों में तीन अंकों के साथ समग्र डायमंड लीग स्टैंडिंग में 14वें स्थान पर रहे। हालाँकि, उनसे उच्च रैंक वाले चार एथलीट - इथियोपिया के लामेचा गिरमा, न्यूजीलैंड के जियोर्डी बीमिश, जापान के रयुजी मुरा और यूएसए की हिलेरी बोर - हट गए।

### इंटर मियामी के लिए वापसी को तैयार लियोनेल

**वाशिंगटन।** लियोनेल मेसी चोट के कारण दो महीने से अधिक समय तक बाहर रहने के बाद इस सप्ताह के अंत में इंटर मियामी के लिए एक्शन में लौटने के लिए तैयार हैं। 37 वर्षीय अर्जेंटीना के कप्तान मेसी ने जुलाई में कोपा अमेरिका फाइनल में कोलंबिया पर एल्बीसेलेस्टे की 1-0 की जीत के दौरान टखने की चोट के बाद से नहीं खेला है। हालांकि वह पूर्ण प्रशिक्षण पर लौट आए हैं और शनिवार को फिलाडेल्फिया के खिलाफ इंटर मियामी के घरेलू मुकाबले के लिए उनका खेलना तय है। इंटर मियामी के प्रबंधक गेरार्डो मार्टिनो ने शुक्रवार को संवाददाताओं से कहा हां, वह ठीक हैं। उन्होंने गुरुवार को प्रशिक्षण लिया और वह मैच के लिए हमारी योजनाओं में है। आज प्रशिक्षण के बाद हम उसके लिए रणनीति के बारे में सोचेंगे, लेकिन वह उपलब्ध हैं। मेसी के नाम इस सीजन में 12 मेजर लीग सॉकर मैचों में 12 गोल और 13 सहायता हैं। मार्टिनो आठ बार के बैलन डी'ओर विजेता की मैच फिटनेस की कमी से चिंतित नहीं थे, उन्होंने कहा कि उनकी उपस्थिति मात्र से फ्लोरिडा टीम को बड़ा बढ़ावा मिलेगा। मार्टिनो ने कहा, ₹अपनी टीम के लिए दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का वापस स्वागत करना, जो पहले से ही अच्छे प्रदर्शन पर थी, हम सभी को बहुत खुशी हो रही है।

# केरला ब्लास्टर्स के खिलाफ अपने आईएसएल अभियान की शुरुआत करेगा पंजाब एफसी

**कोच्चि। एजेंसी**

पंजाब एफसी (पीएफसी) की टीम अपना 2024-25 इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) सीजन रविवार को केरला ब्लास्टर्स के खिलाफ शुरू करेगी, जो यहाँ जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में खेला जाएगा। क्लब नए मुख्य कोच पानागियोटिस डिलमपेरिस के नेतृत्व में मैदान पर उतरेगा और पिछले साल घरेलू टीम के खिलाफ अपनी शानदार 3-1 की जीत को दोहराने और जीत के साथ सीजन की शुरूआत करने की कोशिश करेगा।

दोनों टीमें इस सीजन की शुरुआत में डूरंड कप के ग्रुप स्टेज में मिली थीं और कोलकाता में खेले गए एक रोमांचक मुकाबले में 1-1 की बराबरी पर रहीं, जिसमें लुका मैजसेन और मोहम्मद आयमन ने गोल किए थे। केरला ब्लास्टर्स भी नए मुख्य कोच मिकेल स्टारे के नेतृत्व में होंगी और अपने उत्साही फैंस के सामने लीग सीजन की शानदार शुरूआत करने की उम्मीद करेंगी।

अपने पहले आईएसएल मैच से पहले, पीएफसी के मुख्य कोच पानागियोटिस डिलमपेरिस ने पिछले सीजन की तुलना में क्लब में आए बदलावों के बारे में कहा

### पीएफसी के मुख्य कोच डिलमपेरिस ने कहा

- हमारे पिछले साल के डेब्यू सीजन से कई चीजें बदल गई हैं, हमारे पास नया कोचिंग स्टाफ है
- नए विदेशी और भारतीय खिलाड़ी हैं और यही सबसे बड़ा अंतर है, यही सबसे बड़ा अंतर है



हमारे पिछले साल के डेब्यू सीजन से कई चीजें बदल गई हैं। हमारे पास नया कोचिंग स्टाफ है, नए विदेशी और भारतीय खिलाड़ी हैं, और यही सबसे बड़ा अंतर है। इस सीजन में हम पिछले साल के प्रदर्शन से बेहतर करने की कोशिश करेंगे और प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करेंगे।

लुका मैजसेन एकमात्र विदेशी खिलाड़ी हैं जिन्हें पिछले सीजन से बरकरार रखा गया है, और उनके साथ इवान नोवोसलेक, मुशागा बाकेंगा, एजेक्विल विदाल, अस्मिर सुल्जिक और फिलिप मर्जल्ज़ाक जैसे नए विदेशी खिलाड़ी टीम में शामिल हुए हैं। भारतीय अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी विनीत राय सबसे प्रमुख भारतीय साइनिंग हैं और मिडफील्ड में टीम के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

डिलमपेरिस ने आगे कहा यह सीजन की शुरूआत है और कल का मैच डूरंड कप में केरला ब्लास्टर्स के खिलाफ खेले गए मुकाबले से बहुत अलग होगा। हमारे पास एक बहुत अच्छा और लंबा प्री-सीजन था और खिलाड़ियों ने अच्छी ट्रेनिंग की है। हमें सीजन की अच्छी शुरूआत करनी है और मुझे उम्मीद है कि कल का मैच शानदार होगा और हम तीन अंक लेकर लौटेंगे।

पीएफसी के मिडफील्डर निखिल प्रभु ने प्री-मैच प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा हमने इस सीजन की शुरूआत डूरंड कप के साथ बहुत अच्छी की है। हम इस सीजन में कड़ी मेहनत कर रहे हैं और हमारे पास इस सीजन के लिए एक अलग योजना है, जिसमें हम अधिक समय तक गेंद को अपने पास रखेंगे और मैच में बढ़त बनाएंगे। हमने इस खेलने के तरीके के अनुकूल होने के लिए अच्छी ट्रेनिंग की है और हम धीरे-धीरे अपने लक्ष्यों को हासिल करेंगे।

केरला ब्लास्टर्स की कप्तानी उनके करिश्माई कप्तान एड्रियन लूना करेंगे, उनके साथ क्वाम पेपरा, नूह सादाउई और जीसस जिमेनेज होंगे, जो उन्हें एक आक्रामक टीम बनाते हैं। उन्हें युवा और प्रतिभाशाली मिडफील्डर जैसे विभिन मोहनन, दानिश फारूक, फ्रेडी लल्लवमवमा और मोहम्मद अजहर का समर्थन मिलेगा।

## वाणिज्य

### विजयवाड़ा-नई दिल्ली के बीच इंडिगो की विमान सेवा का शुभारंभ



**नई दिल्ली। एजेंसी**

केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू ने आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर शनिवार को आयोजित एक कार्यक्रम में विजयवाड़ा से नई दिल्ली के बीच इंडिगो की सीधी उड़ान सेवा का शुभारंभ किया।

नायडू ने विजयवाड़ा एयरपोर्ट पर एक नए प्रवेश और निकास मार्ग का भी शुभारंभ किया। मंत्री के कार्यालय ने एक्स पोस्ट पर एक बयान में कहा कि केंद्रीय मंत्री नायडू ने विजयवाड़ा-नई दिल्ली के बीच इंडिगो की उड़ान का उद्घाटन किया है। इसके साथ ही उन्होंने विजयवाड़ा एयरपोर्ट पर एक नए प्रवेश और निकास मार्ग का भी शुभारंभ किया।

इससे एयरपोर्ट पर आने-जाने वाले यात्रियों के लिए दूरी 400 मीटर कम हो गई है। मंत्री नायडू ने कहा कि मुझे हवाई अड्डे के संचालन की समीक्षा करने का भी मौका मिला। नए एकीकृत टर्मिनल को जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। हम विजयवाड़ा एयरपोर्ट को और विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, यह उद्घाटन उसी दिशा में एक कदम मात्र है।

# सरकार के रियायती दरों पर प्याज की खुदरा बिक्री से कीमत में आई गिरावट

### सब्सिडी वाली प्याज की बिक्री से जनता को राहत, प्रमुख शहरों में दरें घटीं



**नई दिल्ली। एजेंसी**

केंद्र सरकार ने प्याज की बढ़ती कीमतों पर लगाम लगाने के लिए उपभोक्ताओं को रियायती दरों पर 35 रुपये प्रति किलोग्राम की दर पर बेचने की शुरुआत की है। सरकार की सब्सिडी वाली प्याज की खुदरा बिक्री की पहल से कुछ ही दिनों में प्रमुख शहरों में कीमतों में गिरावट आई है। हालांकि, इसकी कीमतों में अभी तेजी बनी हुई है। उपभोक्ता, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मामलों के मंत्रालय ने शनिवार को जारी एक बयान में कहा कि पांच सितंबर को शुरू की गई सरकार की सब्सिडी वाली प्याज की बिक्री की पहल से कुछ ही दिनों में प्रमुख शहरों में कीमतों में गिरावट आई है। मंत्रालय ने कहा कि नई दिल्ली में प्याज की खुदरा कीमत 60 रुपये से घटकर 55 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई है, जबकि मुंबई में 61 रुपये से घटकर 56 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। चेन्नई में खुदरा कीमत 65 रुपये से घटकर 58 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई।

मंत्रालय ने कहा कि बढ़ती हुई मांग को देखते हुए सरकार ने सब्सिडी वाली प्याज की मात्रा बढ़ाने और वितरण चैनलों का विस्तार करके ई-कॉमर्स मंच, केंद्रीय भंडार आउटलेट और मदर डेयरी के सफल स्टोर को शामिल करने का फैसला किया है। गौरतलब है कि सरकार ने मोबाइल वैन और भारतीय राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता संघ (एनसीसीएफ) और भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ (नैफेड) के आउटलेट के जरिए 35 रुपये प्रति किलोग्राम की सब्सिडी दर पर उपभोक्ताओं को प्याज की बिक्री शुरू की है। नई दिल्ली और मुंबई में शुरू हुआ यह कार्यक्रम अब चेन्नई, कोलकाता, पटना, रांची, भुवनेश्वर और गुवाहाटी सहित अन्य प्रमुख शहरों में भी फैल चुका है।

### डीजीजीआई की वार्षिक रिपोर्ट 2023-24: जीएसटी चोरी के रुझान जारी

- दो दिवसीय वार्षिक सम्मेलन सिलीगुड़ी में शुरू



**नई दिल्ली। एजेंसी**

जीएसटी खुफिया महानिदेशालय (डीजीजीआई) ने शनिवार को अपनी वार्षिक रिपोर्ट 2023-24: जीएसटी चोरी के रुझान जारी किए। रिपोर्ट में चोरी के पैटर्न का व्यापक विश्लेषण किया गया है। इसके साथ ही जीएसटी चोरी और रणनीतिक प्रवर्तन के महत्वपूर्ण मामलों पर प्रकाश डाला गया है। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) की तरफ से शनिवार को 'एक्स' पोस्ट में बताया गया है कि जीएसटी इंटेलिजेंस महानिदेशालय (डीजीजीआई) ने अपनी वार्षिक रिपोर्ट 2023-24: जीएसटी चोरी के रुझान जारी किए हैं। इस रिपोर्ट को सीबीआईसी के अध्यक्ष संजय कुमार अग्रवाल ने डीजीजीआई सदस्य अनुपालन प्रबंधन राजीव तलवार एवं अन्य की उपस्थिति में जारी किया। जीएसटी खुफिया महानिदेशालय का दो दिवसीय वार्षिक सम्मेलन सिलीगुड़ी में शुरू हुआ। इसका उद्घाटन अध्यक्ष संजय कुमार अग्रवाल ने किया। इस दो दिवसीय सम्मेलन में कर प्रवर्तन, उभरते कर चोरी क्षेत्रों की पहचान और वित्तीय धोखाधड़ी से निपटने के लिए प्रौद्योगिकी के उपयोग पर चर्चा की जाएगी। सम्मेलन में सीईएसटीएटी, डीजीएआरएम, प्रवर्तन निदेशालय, एनएफएसयू, आई4सी, डीओटी और जीएसटीएन के प्रतिष्ठित आमंत्रितों के सत्र होंगे।

### एफसीआई का 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक

**नई दिल्ली।** भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) ने 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान की शुरुआत की है। एफसीआई के अभियान का मुख्य फोकस स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता पर आधारित है। यह अभियान 17 सितंबर से 2 अक्टूबर, 2024 तक देशभर में चलाया जाएगा। उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने शनिवार को जारी एक बयान में कहा कि एफसीआई ने 17 सितंबर से लेकर 2 अक्टूबर, 2024 तक स्वच्छता अभियान चलाने की एक योजना बनाई है। इस अभियान को देशभर में 760 स्थानों पर जम्मू-कश्मीर से लेकर केरल (उत्तर से दक्षिण) और गुजरात से लेकर पूर्वोत्तर राज्यों (पश्चिम से पूर्व) तक के सभी एफसीआई कार्यालयों, जोनल, क्षेत्रीय एवं जिला और दूरदराज के क्षेत्रों को कवर करने वाले गोदामों में शुरू किया गया है। मंत्रालय ने कहा कि भारतीय खाद्य निगम ने 17 सितंबर, 2024 से शुरू होने वाले इस अभियान के लिए एक व्यापक योजना तैयार की है।

# जयपुर विकास प्राधिकरण ने छः बीघा भूमि पर तीन नवीन अवैध कॉलोनियों को किया ध्वस्त

## विनायक विहार, पार्वती नगर एवं अन्य अवैध सहित सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त

## मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन अधिकारी महेन्द्र कुमार शर्मा के कुशल निर्देशन में जेडीए कर रहा है ताबड़तोड़ कार्रवाई

चमकता राजस्थान





जयपुर !(खलील कुरैशी) 14 सितम्बर। जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जोन-12 में निजी खातेदारी की करीब छः बीघा कृषि भूमि पर तीन अवैध कॉलोनियों को प्रारम्भिक स्तर पर ही पूर्णत ध्वस्त किया गया। साथ ही ग्राम जिलोई में करीब 0.5 बीघा सरकारी भूमि कोकब्जा-अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। मुख्य नियंत्रक प्रतर्वन महेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि जोन-12 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम नींदड़ में हरमाड़ा घाटी के पास जिला जयपुर में करीब 03 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीएकीबिनास्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर ''विनायक विहार'' के नाम से विगत दिवसों में मौका पाकर रातों-रात बनाई गई मिट्टी-ग्रेवल सड़कें, बाउण्ड्रीवाल व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही आज जोन-12 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। संबंधित से जेडीए के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही का नियमानुसार खर्चा-वसूली की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।जेडीए द्वारा जोन-12 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम नींदड़ में हरमाड़ा थाने के पास, जिला जयपुर में करीब 02 बीघा निजी खातेदारी कृषिभूमिपरजेडी एकीबिनास्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर ''पार्वती नगर'' के नाम से विगत दिवसों में मौका पाकर रातों-रात बनाई गई मिट्टी-ग्रेवल सड़कें, बाउण्ड्रीवाल व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही आज जोन-12 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। संबंधित से जेडीए के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही का नियमानुसार खर्चा-वसूली की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

इसी प्रकार जोन-12 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम बेनाड़, दौलतपुरा, जिला जयपुर में करीब 01 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर विगत दिवसों में मौका पाकर रातों-रात बनाई गई मिट्टी-ग्रेवल सड़कें व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही आज जोन-12 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। संबंधित से जेडीए के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही का नियमानुसार खर्चा-वसूली की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।जेडीए द्वारा जोन-12 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित जालसू के आगे ग्राम जिलोई, पटवार हल्का महसावास कलां, जिला जयपुर में के खसरा नं. 23/469 में करीब 0.5 बीघा सरकारी भूमि पर कब्जा-अतिक्रमण कर तारबंदी कर पत्थर, मलवा डालकर किये गये कब्जे-अतिक्रमण की शिकायत प्राप्त होने पर आज जोन-12 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वा-रा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। उक्त कार्यवाही प्रवर्तन अधिकारी जोन-12 तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पादित की गई

## जेडीसी आनन्दी के निर्देश पर नव पदस्थापित अतिरिक्त आयुक्त एवं उपायुक्तों हेतु किया अनुस्थापन (Orientaion) कार्यशाला का आयोजन

● सभी अधिकारी आपसी समन्वय स्थापित करते हुए करेंगे आमजन के कार्य



**चमकता राजस्थान। जयपुर!(खलील कुरैशी) 14 सितम्बर।** जयपुर विकास आयुक्त आनन्दी के निर्देशन में शनिवार को मंथन सभागार में एक अनुस्थापन (ड्ड्ढ्रड्ढ्रंड्ड्ढ्र) कार्यशाला का आयोजन किया गया।अनुस्थापन कार्यशाला में सचिव डॉ0 निशांत जैन की उपस्थिति में नव पदस्थापित अतिरिक्त आयुक्त एवं उपायुक्तों को जविप्रा में विभिन्न प्रकोष्ठों में होने वाले कार्यों के बारे में पावर प्वाईंट प्रजेन्टेशन के माध्यम से जानकारी दी गई। जेडीसी ने एक नई पहल की शुरूआत करते हुए जविप्रा में नव पदस्थापित अतिरिक्त आयुक्त, उपायुक्तों को कार्य करने में कोई असुविधा ना हो इसके लिए अनुस्थापन (ड्ड्ढ्रड्ढ्रंड्ड्ढ्र) कार्यशाला आयोजित करवाई गई। कार्यशाला में सभी प्रकोष्ठों में होने वाले कार्यों के बारे में बारीकी से बताया गया जिससे जेडीए में होने वाले आमजन के कार्यों में कोई कठिनाई ना हो। जेडीसी ने अनुस्थापन कार्यशाला में उपस्थित सभी अधिकारियों से कहा कि अपने-अपने कार्यों से संबंधित अधिकारी आपसी समन्वय स्थापित कर आमजन के कार्य तीव्र गति से किये जाये। कार्यशाला में जविप्रा में पहले से कार्यरत अधिकारियों द्वारा जोन स्तर पर दी जाने वाली सेवाऐं एवं अन्य कार्य-लीजडीड, नाम हस्तान्तरण, 90ए, उप विभाजन आदि के बारे में उपायुक्त जोन-7, उपायुक्त जोन-9, एवं उपायुक्त जोन-10 द्वारा जानकारी दी गई। बैठक में वित्त शाखा से संबंधित कार्य, ई-नीलामी, राजस्व अर्जित करने के बारे में निदेशक (वित्त) एवं जविप्रा की ई-सेवाओं के बारे में सिस्टम एनालिस्ट द्वारा पी.पी.टी.प्रजेन्टेशन के माध्यम नवआगन्तुत अधिकारियों को अवगत करवाया गया। बैठक में नगर आयोजना शाखा में होने वाले कार्यों के बारे में निदेशक (आयोजना) एवं अभियांत्रिकी शाखा से संबंधित कार्य एवं समन्वय हेतु निदेशक (अभियांत्रिकी-प्रथम व द्वितीय) द्वारा विस्तृत जानकारी दी गई। बैठक में न्यायालयों में न्यायिक वादों की स्थिति, प्रभावी पैरवी, समन्वय एवं लाईट्स के बारे में संयुक्त निदेशक (विधि) व उप निदेशक (विधि) द्वारा बारीकी से जानकारी दी।जविप्रा में गृह निर्माण सहकारी समितियों की योजनाओं के बारे में उप रजिस्ट्रार (सहकारिता) द्वारा जानकारी दी गई। इसी प्रकार उद्यानिकी संबंधी कार्य एवं समन्वय हेतु वरिष्ठ उद्यानविज्ञ एवं अतिक्रमण संबंधी मामलों में कार्यवाही व समन्वय के बारे में मुख्य नियंत्रक प्रर्वतन द्वारा प्रजेन्टेशन के माध्यम से विस्तृत जानकारी दी गई।

## संक्षिप्त समाचार

### जलझूलनी एकादशी पर शाहपुरा में निकाली गई भव्य शोभायात्रा, निकालें गये डोले



**चमकता राजस्थान। शाहपुरा! (खलील कुरैशी)** शाहपुरा शहर में जलझूलनी एकादशी पर्व के उपलक्षय पर शाहपुरा कस्बे के सभी मंदिरों के पुजारियों ने भगवान की भव्य दिव्य शोभायात्रा निकालकर भगवान को जलविहार करवाया गया। भगवान की शोभायात्रा चौपड़ से शुरू हुई। जिसमें सबसे आगे रघुनाथ जी मंदिर से, गोपीनाथ जी,लाड़ बिहारी ,गोपीनाथ जी,गोपालजी,लक्ष्मीनाथजी ,सत्यनारायण भगवान, गंगा माता मंदिर ,नवग्रह मंदिर से भगवान को नरसिंह मंदिर बंधे की पाल पर जलविहार करवाकर। आरती के साथ वापस शोभायात्रा रवाना हुई।

### बाबा गंगादास महिला महाविद्यालय में राष्ट्रीय हिन्दी दिवस पर हुआ संगोष्ठी का आयोजन


● हिंदी के सार्वभौमिक महत्त्व पर डाला गया प्रकाश




**चमकता राजस्थान। शाहपुरा (खलील कुरैशी)** शाहपुरा शहर स्थित बाबा गंगादास राजकीय महिला महाविद्यालय में राष्ट्रीय हिन्दी दिवस पर राष्ट्रीय सेवा योजना की ईकाई प्रथम एवम् ईकाई द्वारा कार्यवाहक प्राचार्य एवम् हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो. अंजू अग्रवाल की अध्यक्षता में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया।कार्यक्रम संयोजक एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राजेश बेनीवाल और सुश्री ज्योत्स्ना ने बताया कि कार्यक्रम में एनएसएस स्वयं सेविकाओं और महाविद्यालय की छात्राओं ने हिंदी विषय का महत्व और आज के आधुनिक दौर में हिंदी में बढ़ते रोजगार अवसरों पर अपनी भावनाएं स्वरचित कविताओं, दोहों और भाषण के माध्यम से व्यक्त किया। प्राचार्य प्रो. अग्रवाल ने राजभाषा हिंदी को देश की विभिन्न संस्कृतियों और भाषा बोलियों को एक सूत्र में पिरोने वाली बताया। उन्होंने हिंदी में बढ़ते रोजगार के अवसरों पर प्रकाश डाला। डॉ. पुनर्दत्त मीना ने हिंदी को आत्मिक विचारों और अभिव्यक्ति की भाषा बताया। डॉ. राजेश बेनीवाल ने हिंदी के विकास में अन्य भाषाओं को सीखने को भ्रामक बताया। प्रो. राजेश कुमार वर्मा हिंदी के महत्व के आंग्ल भाषा के महत्व पर भी प्रकाश डाला। डॉ. पुष्पा अग्रवाल, हेमराज पलसानिया, डॉ. पूजा तरुण, अदिति शर्मा, डॉ. पूजा आर्या आदि ने अपनी विचार रखें। कार्यक्रम में डॉ. लतिका पांडे, प्रकाश चंद्र डबास, डॉ. किरण देशवाल, राकेश कपूरिया, प्राची गुप्ता, उर्मिला ढाका और महाविद्यालय छात्राएं उपस्थित रही।

## उत्तम तप धर्म पर की पूजा अर्चना

● दिगंबर जैन मंदिर श्योपुर प्रभु के जयकारों से गुंजा



**चमकता राजस्थान। जयपुर (खलील कुरैशी)** दशलशन महापर्व पर शनिवार को उत्तम तप धर्म पर दिगंबर जैन मंदिर श्योपुर में पूजा अर्चना की । इस अवसर पर मंदिर जी में प्रातः 6.30 बजे लगभग 125 श्रावको द्वा-रा प्रभु जी का सवा घंटे तक बच्चे से लेकर बड़े तक ने अभिषेक शांतिधारा की पंडित ने इस अवसर पर उत्तम तप धर्म पर प्रकाश डाला। इस मौके पर प्रथम अभिषेक करने का सौभाग्य रमेश। चंद तेजकरण दीपक नवीन कुमार कागला फागी वाले परिवार को मिला। दूसरा नेमीनाथ के आशीष पीपलू वाले तीसरा पारसनाथ के नरेश निमेष गंगवाल को मिला। मुनिसुव्रत भगवान के शांतिधारा का सौभाग्य गौरव कुमार सौरभ कुमार पाटनी को मिला। मासिक शांतिधारा का सौभाग्य पदम चंद सतीश कुमार जैन माधोराजपुरा को मिला। मंदिर में चल रहे दशलक्षण विधान में सोधर्म इंद्र विनोद कुमार दाखिया और कुबेर इंद्र दिलीप पाटनी सहित इंद्र इंद्राणियो ने भक्ति भाव के साथ तप धर्म पर पूजा अर्चना की विधान के पुण्यजर्क चांदमल मनोज कुमार निमोडिया थे। प्रभु के अभिषेक के दौरान सभी ने केसरिया केसरिया, कलशा डालो रे आदि भजनों पर भक्तो ने भक्ति नृत्य किया

## कोटा शहर में थाना आरके पुरम पुलिस की त्वरित कार्रवाई

## चोरी का आरोप लगा 12 साल के बच्चे को निर्वस्त्र कर मारपीट करने व नचवाने के 6 आरोपी गिरफ्तार

चमकता राजस्थान




जयपुर/कोटा,( खलील कुरैशी)14 सितम्बर। कोटा शहर के आर के पुरम थाना क्षेत्र में मेले में प्रोग्राम देखने गए एक 12 साल के बच्चे पर चोरी का इल्जाम लगाकर निर्वस्त्र कर मारपीट करने तथा नचवा कर वीडियो बनाने के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर घटना में शामिल 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। जिनके विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता, पोक्सो एक्ट, जेजे एक्ट व एससी एक्ट की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया गया है।एसपी डॉ अमृता दुहन ने बताया कि मामले में पुलिस ने आरोपी क्षितिज उर्फ बिट्टू गुर्जर पुत्र हेमंत (24) निवासी शिवपुरा थाना दादाबाड़ी, ययाति उपाध्याय उर्फ गुनगुन पुत्र आशीष (24) व आशीष उपाध्याय उर्फ मिक्की पुत्र राजेश्वर दयाल (52) निवासी शास्त्री नगर थाना दादावाड़ी, गौरव सैनी पुत्र मनोहर (21) निवासी हनुमान बस्ती थाना दादाबाड़ी, संदीप सिंह उर्फ राहुल बन्ना पुत्र अमर सिंह (30) निवासी उम्मेदगंज थाना उद्योग नगर एवं सुमित पुत्र महेश नाई (24) निवासी थाना चित्राहाट जिला आगरा को गिरफ्तार किया गया है।एसपी दुहन ने बताया कि शुक्रवार को परिवादी ने थाना आरके पुरम में रिपोर्ट दी कि 10 व 11 सितंबर की रात उसका 12 साल का बेटा जीएडी सर्कल पर लगे मेले में कॉमेडी का प्रोग्राम देखने के लिए गया था। देर रात 1:00 से 4:00 बजे के बीच 4 से 5 लोगों ने बच्चे को रोक कर तार चोरी का आरोप लगाया। बच्चे को निर्वस्त्र करने के बाद उसके साथ मारपीट कर डांस करवा उसका वीडियो बनाया। रिपोर्ट पर मुकदमा दर्ज जांच शुरू की गई।घटना की गंभीरता को मध्य नजर रखते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिलीप सैनी व सीओ चतुर्थ मनीष शर्मा के सुपरविजन एवं एसएचओ थाना आरके पुरम अजीत बगडोलिया व एसएचओ महावीर नगर महेंद्र मारू के नेतृत्व में गठित टीम ने मामला संज्ञान में आने पर तुरंत बालक और घटना स्थल की पहचान कर घटना में शामिल 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों से अग्रिम अनुसंधान किया जा रहा है।

## भाजपा सदस्यता अभियान को सफल बनाने पर हुई मुखर रूप से परिचर्चा

# निष्ठावान और समर्पित कार्यकर्ता ही भाजपा संगठन की सकारात्मक ऊर्जा : सांसद राव राजेन्द्र सिंह

चमकता राजस्थान



**मनोहरपुर( खलील कुरैशी)** । मनोहरपुर जामा मस्जिद सदर एवं भाजपा शाहपुरा मंडल सह संयोजक जमील खान चौहान के मनोहरपुर नगरपालिका के मोहल्ला तोपचीवाडा स्थित निजी आवास पर जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेंद्र सिंह के मुख्य आतिथ्य में भाजपा सदस्यता अभियान को सफल बनाने और भाजपा कार्यकर्ता मिलन /संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेंद्र सिंह ने कहा कि भाजपा राष्ट्र हित को सर्वोपरि मानने वाली पार्टी है। ऐसे में युवाओं को आत्म चिंतन और मनन करने के बाद पार्टी की सदस्यता ग्रहण करनी चाहिए। उन्होंने सदस्य अभियान से जुड़े पार्टी कार्यकर्ताओं से भाजपा के सदस्यता ग्रहण करवाई उन्हें भाजपा के पांच निष्ठा के बारे में जरूर अवगत करवाएं। जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेन्द्र सिंह ने आगे कहा कि भाजपा की नीति और जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में अवगत करवाकर अधिक से लोगों को भाजपा से जोड़ें प्रत्येक बूथ से 200 सदस्य बनाने का लक्ष्य दिया को सफल बनाने पर मंथन हुआ इसके साथ ही भाजपा के स्थानीय कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने अपने सांसद से वार्तालाप कर अनेक महत्वपूर्ण बिंदुओं पर समीक्षा भी की ।इस अवसर पर पार्षद सरफराज खान चौहान के नेतृत्व में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा कार्यकर्ताओं ने अपने लाडले सांसद का माल्यार्पण कर गर्मजोशी से स्वागत किया कार्यक्रम को भाजपा मंडल अध्यक्ष राम प्रकाश नाई सहित कई लोगों ने संबोधित कर अभियान को सफल बनाने की अपील की।। इस दौरान पालिका अध्यक्ष मनोहरपुर सुनीता प्रजापत, एससी मोर्चा मंडल अध्यक्ष रामावतार असवाल, जिला कोषाध्यक्ष संतोष माधानी, महामंत्री प्रहलाद गुर्जर, श्योराम गुर्जर पार्षद सरफराज खान, सलीम खान, इमरान खान, भगवान सहाय बेनीवाल, बंशीधर यादव, सद्दाम खान, रमेश कोटडी वाला सहित भाजपा के कर्मठ कार्यकर्ता मौजूद रहे।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान,
मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929